“मूढ़ को अधिक संपत्ति प्राप्त हो तो उसके अपने तो भूखे रहेंगे और दूसरे लाभान्वित होंगे।
-तिरुवल्लुवर”

RNI. MPHIN/2016/68439

# दैनिक मेल पॉवर


पेज 4

वर्ष- 10 | अंक-61 | भोपाल, मंगलवार 29 जुलाई 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित


## न्यूज ब्रीफ

### मीनाक्षी अम्मन मंदिर पहुंची रवीना टंडन

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने तमिलनाडु के मदुरै में स्थित मीनाक्षी अम्मन मंदिर में भगवान शिव और देवी पार्वती के दर्शन किए। रवीना टंडन ने अपने सोशल मीडिया अंकाउट पर मंदिर दर्शन की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। कुछ तस्वीरों में वे मंदिर के पास खड़े होकर पोज देती हुई दिख रही हैं। रवीना टंडन ने अपनी तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, आशीर्वाद के लिए धन्यवाद। दिल से आभार। उन्होंने पोस्ट के बैकग्राउंड प्ले म्यूजिक में काल भैरव अष्टकम भजन का इस्तेमाल किया। मीनाक्षी अम्मन मंदिर को मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर भी कहा जाता है। मीनाक्षी माता पार्वती का एक रूप हैं, वहीं भगवान सुंदरेश्वर भगवान शिव का एक अवतार हैं। मीनाक्षी के भाई अघगर, वह भगवान विष्णु का रूप हैं। यह मंदिर धार्मिक रूप से बेहद खास माना जाता है, क्योंकि यहां तीन प्रमुख हिन्दू परंपराएं एक साथ मिलती हैं: शैव मत, जो भगवान शिव की पूजा करता है, शाक्त मत, जो देवी शक्ति की पूजा करता है, और वैष्णव मत, जो भगवान विष्णु की पूजा करता है। इस तरह यह मंदिर इन सभी मान्यताओं के लिए एकता का प्रतीक माना जाता है। रवीना पोस्ट पर उनके फैंस खूब प्यार दे रहे हैं। लोग उनकी तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, रवीना की सादगी और श्रद्धा देखकर दिल खुश हो गया।

### श्री बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन समिति पहुंची सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। मथुरा के वृंदावन में मौजूद श्री बांके बिहारी मंदिर का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। श्री बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन समिति ने यूपी सरकार के अध्यादेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सीजेआई अब यह तय करें कि इस मामले की सुनवाई कौन सी बेंच करेगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने श्री बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन समिति की याचिका पर सुनवाई कर मामले को सीजेआई के समक्ष भेजने का निर्देश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की बेंच में बताया गया कि इससे जुड़ी एक और याचिका दूसरी बेंच में पहले से लंबित है। इसकारण कोर्ट ने मामले को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के समक्ष भेजने का निर्देश दिया।

### बैंकॉक के पॉपुलर फूड मार्केट में मास शूटिंग: 6 की मौत

बैंकाक। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के लोकप्रिय फूड मार्केट में हुई मास शूटिंग में हमलावर सहित छह लोगों की मौत हो गई। मारे गए लोगों में चार सुरक्षा गार्ड शामिल हैं, जो इसी बाजार में कार्यरत थे। इस भयानक घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर ने खुद को भी गोली मार ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना बैंकॉक के मार्केट में हुई। बैंकॉक पुलिस ने बताया कि इस घटना के पीछे की मंशा की जांच कर रही है। फिलहाल इसे मास शूटिंग का मामला माना जा रहा है, लेकिन पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इसका थाईलैंड-कंबोडिया के बीच चल रहे सीमा विवाद से कोई संबंध है या नहीं। पुलिस के आला अधिकारी ने त्वरित जांच के आदेश दिए हैं और पुलिस अधिकारी हमले के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटे हैं।

---

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा के सेंट्रल हॉल में किया प्रदर्शनी सदानीरा का शुभारंभ**

# नदियों और जल स्त्रोतों के प्रति समाज को संवेदनशील बनाने का सांस्कृतिक प्रयास है सदानीरा प्रदर्शनी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों पर केंद्रित है प्रदर्शनी**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप राज्य सरकार ने 30 मार्च से 30 जून 2025 तक 90 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया। सम्पूर्ण प्रदेश में चले इस अभियान में जनभागीदारी की अद्भुत मिसाल देखने को मिली। स्थानीय नागरिकों ने जल संरक्षण के प्रति अपनी सहभागिता सुनिश्चित की नदियों, जलस्त्रोतों व जल संरचनाओं को संरक्षित करने 2 लाख 30 हजार 740 से अधिक जलदूतों ने पंजीयन कराया। अभियान के अंतर्गत अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल कर निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करते हुए मध्यप्रदेश में 84 हजार 726 खेत तालाब, 1 लाख 4 हजार 276 कूप रिचार्ज पिट और 1283 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया। इतना ही नहीं जल संचय करने वाले जिलों



में खंडवा देशभर में नबर वन बना और राज्यों की श्रेणी में मध्यप्रदेश, देश में चौथे स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा के सेंट्रल हॉल में जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों पर केंद्रित प्रदर्शनी सदानीरा का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार भी मौजूद रहे।

## कृति संरक्षण के प्रयासों में सहभागिता बढ़ाना जरूरी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**प्रदेशवासी संकल्पबद्ध होकर करें प्रयास**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस (वर्ल्ड नेचर कंजर्वेशन डे) के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के प्रयासों में सहभागिता बढ़ाना जरूरी है। प्रदेशवासी इस दिशा में संकल्पबद्ध होकर कार्य करें। यह दिवस हम सभी को प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण के प्रयासों को गति देने के लिए प्रेरित करता है। साथ ही पारिस्थितिकी तंत्रों (इकोसिस्टम्स) की सुरक्षा के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व का भी बोध कराता है।

---

**योगी आदित्यनाथ के नाम रिकॉर्ड**

## यूपी के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री पद पर रहकर रचा इतिहास



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करते हुए राज्य के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत का आठ वर्ष 127 दिन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अब तक आठ वर्ष चार माह और 10 दिन का प्रभावी कार्यकाल पूरा कर लिया है। इससे पहले मुलायम सिंह यादव छह वर्ष 274 दिन, संपूर्णानंद पांच वर्ष 345 दिन,अखिलेश यादव पांच वर्ष चार दिन और नारायण दत्त तिवारी तीन वर्ष 314 दिन मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहे हैं। भाजपा का कहना है कि योगी आदित्यनाथ का यह कार्यकाल न सिर्फ राजनीतिक स्थिरता का प्रतीक है, बल्कि शासन के प्रत्येक क्षेत्र में सुधार, पारदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ विकास की गति को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने वाला कालखंड भी है। अपराध और अराजकता से जूझते यूपी को मुख्यमंत्री योगी ने ह्यनए उत्तर प्रदेश में बदलने का काम किया, जहां कानून का राज सर्वोपरि है और शासन व्यवस्था सुशासन का पर्याय बन चुकी है। विगत आठ वर्षों में योगी सरकार ने प्रदेश को बुनियादी ढांचे, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम दिए हैं। गोरखपुर से एम्स की स्थापना हो, पूर्वांचल-एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे या फिल्म सिटी जैसे कई मेगा प्रोजेक्ट्स इसके उदाहरण हैं।

---

**संसद में गरजा ऑपरेशन सिंदूर का मुद्दा**

# देशभक्ति, रणनीति और सुरक्षा तंत्र पर उठे अहम सवाल

**संसद में गूंजा ऑपरेशन सिंदूर – सुरक्षा, साजिश और सियासत पर गरमाई बहस**

**नई दिल्ली ।** देश की संसद में सोमवार को ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न को लेकर तीखी बहस देखने को मिली। यह ऑपरेशन हाल ही में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा किया गया एक बड़ा खुलासा है, जिसमें महिलाओं को निशाना बनाकर ह्यलव जिहादह्न और धर्मांतरण जैसे मामलों में संगठित नेटवर्क की संलिप्तता का दावा किया गया है। सरकार और विपक्ष के बीच इस मुद्दे को लेकर तीखी बहस हुई। एक ओर जहां सत्तापक्ष ने इसे महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा राष्ट्रीय मुद्दा बताया, वहीं विपक्ष ने इसे राजनीतिक स्टंट और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का प्रयास करार दिया। विपक्षी दलों ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर गंभीर सवाल उठाए। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा: यह एक सोची-समझी रणनीति है जिससे सरकार देश के असली मुद्दों झ महंगाई, बेरोजगारी, कृषि संकट से जनता का ध्यान भटका रही है। महिलाओं की सुरक्षा महत्वपूर्ण है, लेकिन उसकी आड़ में समाज को बांटने की कोशिश नहीं होनी चाहिए।



**रक्षा मंत्री ने संसद में कहा**

ऑपरेशन सिंदूर हमारी सैन्य तैयारी, रणनीतिक क्षमता और संप्रभुता की रक्षा का प्रतीक है। देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए गए हैं, सेना को हर स्थिति में पूरी छूट है।



**विदेश मंत्री ने कहा कि**

ऑपरेशन सिंदूर भारत की रणनीतिक सफलता और बहादुरी का प्रतीक है। हमारी सेना ने अद्वितीय संयम और दक्षता से मिशन को अंजाम दिया। देश की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है, कोई समझौता नहीं होगा।

**क्या है ऑपरेशन सिंदूर**

ऑपरेशन सिंदूर देश की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा महिलाओं की पहचान, धर्म और भावनाओं के साथ सुनियोजित छल के माध्यम से की जा रही घटनाओं के पीछे कार्यरत नेटवर्क को उजागर करने के उद्देश्य से चलाया गया अभियान है। इसमें कई राज्यों में धार्मिक छल, फर्जी पहचान, अवैध विवाह, और कट्टरपंथी संगठनों से जुड़ाव जैसी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों की पहचान की गई है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी प्रारंभिक रि पोर्ट के अनुसार, इस ऑपरेशन के तहत अब तक 172 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और 300 से अधिक महिलाओं ने गवाही दी है कि उन्हें बहला-फुसलाकर या फर्जी पहचान के माध्यम से विवाह कर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया।

**गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि**

ऑपरेशन सिंदूर केवल कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता और बेटियों की सुरक्षा का मामला है। इस तरह की घटनाएं एक खतरनाक मानसिकता का प्रतिबिंब हैं, जो भारत की संस्कृति, संवैधानिक व्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को तोड़ना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन धार्मिक सहिष्णुता के खिलाफ नहीं, बल्कि उन असामाजिक तत्वों के खिलाफ है जो महिलाओं को धोखे से अपने जाल में फँसाकर उनका जीवन बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र सरकार ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगी और दोषियों को कठोरतम सजा दिलाई जाएगी। गृह मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि इस ऑपरेशन का कोई सांप्रदायिक एजेंडा नहीं है।

---

## भारत-बांग्लादेश बार्डर पर बीएसएफ के सामने संकट

**गृहमंत्रालय ने 5,000 अत्याधुनिक बॉडी कैमरे और बायोमैट्रिक डिवाइस दिए**

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच 4,096 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है, जिसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) की है। हाल के दिनों में, खास तौर पर पिछले साल 5 अगस्त को बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद, यह चुनौती और बढ़ गई है। बांग्लादेश की सत्ता में कट्टरपंथी मुसलमानों का दबदबा बढ़ने और उनके पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से प्रभावित होने के कारण भारत की चिंता काफी बढ़ गई है। इन बदले हुए हालातों में, बीएसएफ पर भारी दबाव है। उन्हें न सिर्फ अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों से निपटना पड़ रहा है, बल्कि भारत में उन्हें संरक्षण देने वाले आपराधिक तत्वों का भी सीधा सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद अब बीएसएफ के सामने एक दोहरा संकट है। एक ओर उन्हें सीमा पर अवैध गतिविधियों को रोकना है, वहीं दूसरी तरफ इन कार्रवाइयों के दौरान खुद को और अपने जवानों को हमलों से बचाना भी बड़ी जिम्मेदारी है।

---

## एसआईआर में आधार और वोटर आईडी को माना जाए वैध दस्तावेज

**सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के बहिष्कार के रवैये पर जताई चिंता**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में आधार और मतदाता पहचान पत्र को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने में चुनाव आयोग की अनिच्छा पर सवाल उठाया और कहा कि कोई भी दस्तावेज जाली हो सकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग के बहिष्कार के रवैये पर चिंता जताई और सत्यापन प्रक्रिया में दोनों दस्तावेजों को शामिल करने की जरुरत पर भी बल दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि दुनिया का कोई भी दस्तावेज जाली हो सकता है। उन्होंने चुनाव आयोग से आग्रह किया कि आधार और मतदाता पहचान पत्र को पूरी तरह से स्वीकार क्यों नहीं किया जा रहा है, जबकि पंजीकरण फॉर्म में आधार पहले से ही मांगा जा रहा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने कहा कि ईसीआई द्वारा सूचीबद्ध कोई भी दस्तावेज जाली हो सकता है और स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची से केवल आधार कार्ड और चुनावी फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) को बाहर करने के पीछे के तर्क पर सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि इन दोनों दस्तावेजों को शामिल करें। कल आपको सिर्फ.आधार ही नहीं, बल्कि 11 में से 11 दस्तावेज भी जाली दिख सकते हैं। यह एक अलग मुद्दा है, लेकिन हम सामूहिक बहिष्कार पर हैं।



इसे सामूहिक समावेशन होना चाहिए। आधार को भी इसमें शामिल करें। न्यायालय राज्य विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए चुनाव आयोग के 24 जून के निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। याचिकाकताओं के मुताबिक यह कदम संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21, 325 और 326 का उल्लंघन करता है और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के तहत तय प्रक्रिया से विचलित करता है। चुनाव आयोग ने अपने निर्देश का बचाव करते हुए कहा कि उसे संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21(3) के तहत ऐसा करने का अधिकार है।

---

## विधेयकों पर राष्ट्रपति और राज्यपालों की मंजूरी की समय-सीमा

**अब केरल सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट**

**नई दिल्ली।** केरल सरकार ने विधेयकों पर राष्ट्रपति और राज्यपालों की मंजूरी की समय-सीमा तय करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। केरल सरकार ने राष्ट्रपति के एक संदर्भ को अस्वीकार्य और तथ्यों को दबाने वाला बताकर बिना जवाब के लौटाने की मांग की है। इस मामले की सुनवाई पांच जजों की विशेष बेंच द्वारा की जाएगी। केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दायर कर राष्ट्रपति द्वारा भेजे गए संदर्भ को खारिज करने का निर्देश देने की मांग की है। केरल सरकार का कहना है कि संदर्भ में गंभीर खामियां हैं और इसे अनुत्तरित वापस कर दिया जाना चाहिए। केरल सरकार ने विशेष रूप से उल्लेख किया है कि राष्ट्रपति के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण पहलू को दबाया गया है। संदर्भ में उठाए गए 14 प्रश्नों में से पहले 11 प्रश्न सीधे तौर पर तमिलनाडु राज्य बनाम तमिलनाडु के राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट के 8 अप्रैल, 2025 को दिए गए फैसले के दायरे में आते हैं। यह फैसला राष्ट्रपति द्वारा संदर्भ दिए जाने से ठीक एक महीने पहले आया था। केरल सरकार ने अपनी दलील में कहा है कि इस संदर्भ में तमिलनाडु मामले में फैसले के अस्तित्व को दबाया गया है, और सिर्फ इसी आधार पर संदर्भ को खारिज किया जाना चाहिए। उनका तर्क है कि यदि तमिलनाडु मामले में फैसले का खुलासा किया गया होता, तब समय-सीमा की



आधारभूत घटना पहले ही पंजाब और तेलंगाना मामलों में तय हो चुकी होती। केरल सरकार का मानना है कि संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत किसी संदर्भ के परिणामस्वरूप सुप्रीम कोर्ट पूर्व के फैसलों में दिए गए कानून और तथ्यों के निष्कर्षों को पलट नहीं सकता। यह केवल उन पहलुओं को स्पष्ट कर सकता है जहां संदेह हो। इस प्रकार, केरल सरकार के अनुसार, यह तात्कालिक संदर्भ भारत के संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत प्रदत्त शक्ति का गंभीर दुरुपयोग है। इसके पहले, 22 जुलाई को, सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्य के राज्यपालों और राष्ट्रपति को विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर विचार करते समय निर्धारित समय-सीमा के मुद्दे पर 14 प्रश्नों पर संदर्भ की जांच करने पर सहमति व्यक्त की थी।

---

## महुआ मोइत्रा मामले में सीबीआई ने लोकपाल को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने लोकसभा में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से जुड़े पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने (कैश फॉर क्वेरी) के कथित मामले में लोकपाल को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। प्रशासनिक अधिकारियों ने इसकी जानकारी देकर बताया कि सीबीआई ने लोकपाल की सिफारिश पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत बीते साल 21 मार्च को महुआ और हीरानंदानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। महुआ पर भ्रष्ट आचरण में लिप्त होने और हीरानंदानी से रिश्वत व अन्य अनुचित लाभ लेकर ह्यअपने संसदीय विशेषाधिकारों से समझौता करने का आरोप है। उन पर आरोप है कि उन्होंने लोकसभा सदस्य होने के नाते मिली लॉगिन आईडी और पासवर्ड शेयर करके राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा किया। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने मामले में अपनी जांच के निष्कर्ष लोकपाल को सौंप दिए हैं, जो आगे की कार्रवाई तय करेगा। बात दें कि मोइत्रा बीते लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर सीट से जीती थीं। दिसंबर 2023 में उन्हें ह्यअनैतिक आचरण के आरोप में सदन से निष्कासित किया था। महुआ ने फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी।

---

# पटना में भारी बारिश से मचा हाहाकार, रेल, सड़क और हवाई मार्ग हुआ बाधित, सभी स्कूल बंद

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में रविवार रात से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से एक ओर जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है तो दूसरी और इस बारिश ने हाहाकार मचा दिया है। आलम यह है कि आम से खास तक सभी परेशान हैं। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के सरकारी आवास में भी पानी भर गया है। जलनिकासी के लिए नगर निगम के कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं कई मंत्रियों और विधायकों के सरकारी आवासों में भी पानी घुस गया है। यानि यूँ कहें कि राजधानी पटना पूरी तरह से पानी-पानी हो चुकी है और लगातार हो रही बारिश ने नगर निगम की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी है।



बारिश के चलते रेल, सड़क और हवाई मार्ग बाधित हुआ है। लगातार हो रही बारिश के बाद तमाम स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पटना के कई इलाकों में पानी जमा हो गया है। घरों में भी पानी घुस जाने से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। इसके साथ ही गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने की भी खबर है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। वहीं पटना शहर के अधिकांश इलाकों में सड़कों पर जलजमाव होने के कारण वाहन की रफ्तार धीमी हो गई है। कई जगह दोपहिया वाहन बंद पड़े हैं। ऑफिस जाने वाले कर्मचारी को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा.बता दें कि पटना में बीती रात 11 बजे से शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने पटना शहर को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। सोमवार सुबह होते-होते पटना के कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति गंभीर हो गई, जिससे जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। इसके चलते कई निजी स्कूल बंद कर दिए गए हैं. पटना जंक्शन के आस-पास का इलाका, अदालतगंज, किदवई पुरी, राजेंद्र नगर और कंकड़बाग जैसे क्षेत्रों में सड़कों पर घुटने भर पानी भर गया है। सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में अदालतगंज शामिल है, जहां न केवल सड़कों पर बल्कि कई घरों के भीतर भी बारिश का पानी घुस गया है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि रातभर तेज बारिश होती रही और सुबह होते-होते उनका घरेलू सामान भींग गया। लोगों को अपने फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और बच्चों की किताबें ऊपर उठाकर रखने को मजबूर होना पड़ा।

---

## दाचीगाम एनकाउंटर में पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड हाशिम मूसा फौजी की मौत, सेना ने जारी कीं तस्वीरें

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना ने 28 जुलाई सोमवार को लिडवास (श्रीनगर) इलाके में हुए एक बड़े एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर और पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड हाशिम मूसा उर्फ सुलैमान शाह मूसा फौजी को मार गिराया। सेना ने उसकी तलाश में 96 दिन तक चलाया गया ऑपरेशन महादेव सफलतापूर्वक पूरा किया। अब एनकाउंटर से जुड़ी तस्वीरें सामने आई हैं। पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड कहा जाने वाला हाशिम मूसा आखिर कौन था? इस सवाल पर कहा जा रहा है कि वह पाकिस्तान की स्पेशल सर्विस ग्रुप (एसएसजी) का पूर्व पैरा-कमांडो रहा है। 2022 में घुसपैठ कर लश्कर-ए-तैयबा में शामिल हुआ।

**कैसे हुआ एनकाउंटर?**

सेना ने ऑपरेशन महादेव के तहत ड्रोन, थर्मल इमेजिंग और मानव खुफिया की मदद से उसकी लोकेशन ट्रैक की। 28 जुलाई की सुबह लिडवास जंगलों में उसे घेरा गया। छह घंटे की मुठभेड़ के बाद हाशिम और उसके दो साथी मारे गए। मौके से सेना को एके-47, ग्रेनेड, आईईडी, पाकिस्तानी पासपोर्ट और सैटेलाइट फोन बरामद हुए हैं। सेना की ओर से जारी की गई तस्वीरों में आतंकियों के शव, हथियार और बरामदगी के सबूत नजर आ रहे हैं।

# महापौर श्रीमती मालती राय ने शहर की स्वच्छता से संलग्न स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसडर्स, स्वच्छग्रही, रहवासी संघ व अन्य संस्थाओं के प्रति व्यक्त किया आभार

**आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में भोपाल को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने , हेतु और अधिक संकल्पित होकर सहभागिता करने हेतु किया आव्हान**

**इस मौके पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू से ग्रहण किए गए पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट आदि का अवलोकन भी उपस्थितजन को कराया।**



दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय ने भोपाल शहर की स्वच्छता से संलग्न स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर्स, स्वच्छग्रही, रहवासी संघों तथा अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों की बैठक आहूत कर भोपाल शहर को स्वच्छ शहरों की श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त होने, स्वच्छतम राजधानी, वॉटर $ एवं गार्बेज फ्री सिटी में 7 स्टार रैंकिंग प्राप्त होने पर शहर के सफाई मित्रों सहित अन्य सभी संलग्न व्यक्तियों/संस्थाओं को बधाई दी एवं उनके प्रति आभार भी व्यक्त किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती राय ने गत स्वच्छ सर्वेक्षण की कमियों को दूर करने हेतु हर संभव प्रयास करने का आश्वासन देते हुए सभी सहभागियों से और अधिक संकल्पित होकर स्वच्छता की गतिविधियों में सहभागिता दर्ज कराने का आव्हान किया। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य श्री आर.के.सिंह बघेल, जोन अध्यक्ष श्री राजेश चौकसे सहित स्वच्छता एम्बेसडर्स, स्वच्छग्रही, विभिन्न रहवासी संघों एवं संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद थे। महापौर श्रीमती मालती राय ने सोमवार को आई.एस.बी.टी स्थित कार्यालय के सभाकक्ष में शहर की स्वच्छता से संलग्न ब्रांड एम्बेसडर्स, स्वच्छग्रही, विभिन्न रहवासी संघों एवं अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों की बैठक आहूत की और भोपाल शहर को 10 लाख से अधिक आबादी वाले स्वच्छ शहरों की श्रेणी में देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर होने के साथ ही गार्बेज फ्री सिटी में 7 स्टार रैंकिंग प्राप्त होने तथा देश की स्वच्छतम राजधानी व वॉटर $ का दर्जा बरकरार रखने पर उपस्थितजन को बधाई दी। महापौर श्रीमती राय ने ब्रांड एम्बेसडर्स, स्वच्छग्रही, रहवासी संघों एवं संस्थाओं के सदस्यों एवं विशेष रूप से भोपाल के सफाई मित्रों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू से ग्रहण किए गए पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट आदि का अवलोकन भी उपस्थितजन को कराया। महापौर श्रीमती मालती राय ने कहा कि हमें पिछले स्वच्छ सर्वेक्षण में रह गई कमियों को दूर करते हुए आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में अपने शहर भोपाल को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाना है और इसके लिए हम बेहतर से बेहतर कार्य करने हेतु दृढ़ संकल्पित है। महापौर श्रीमती राय ने उपस्थितजन का आव्हान किया कि वह भी स्वच्छता की गतिविधियों में और अधिक सक्रियता के साथ सहभागिता करें और अधिक से अधिक लोगों को स्वच्छता में सहभागिता हेतु प्रेरित करें ताकि आगामी सर्वेक्षण में हमारा शहर देश का सबसे स्वच्छ शहर बन सके।

# श्री गुरुदेव ब्रह्मानन्द सरस्वती आश्रम में वेद विद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीष जी द्वारा 121 वैदिक पंडितों के साथ द्वादश ज्योर्तिलिंगों का महारुद्राभिषेक

दैनिक भेल पॉवर



श्रावण मास के तीसरे सोमवार को गुरुदेव ब्रह्मानन्द सरस्वती आश्रम के महर्षि उत्सव भवन में महर्षि संस्थान के प्रमुख वेद विद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश जी ने 121 महर्षि वैदिक पंडितों के साथ द्वादश ज्योर्तिलिंगों का महारुद्राभिषेक संपम्न किया। रुद्राभिषेक प्रारम्भ होते ही भगवान इन्द्र ने सारे वातावरण को वर्षा कर जलमग्न कर दिया। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ और महर्षि विद्या मन्दिर परिवार के समस्त निदेशकगण, अधिकारीगण, कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित थे। ब्रह्मचारी जी ने अपने उद्बोधन में कहा ह्यह्यरुद्ररूपी भगवान शिव का अभिषेक जीवन के लिए समस्त उपलब्धियों का प्रदाता हैं जिसमें सुख, शांति, समृद्धि, सम्पन्नता, ज्ञान विज्ञान, उत्तम स्वास्थ्य, प्रबुद्धता और अजेयता जैसे तत्व सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि भारतवर्ष के भौगोलिक केन्द्र-ब्रह्मस्थान में पिछले 13 वर्षों से निरंतर 1331 वैदिक पंडितों द्वारा नित्य अतिरुद्राभिषेक का आयोजन हो रहा है। जिसमें सम्मिलित होकर सम्पूर्ण भारतवर्ष के और लगभग 100 देशों के लाखों श्रद्धालू नागरिक दर्शन व पुण्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं। ब्रह्मचारी जी ने यह भी कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को रुद्राभिषेक अवश्य कराना चाहिये।

# रायसेन को मिली बड़ी सौगात, दरगाह से सेंडोंरा बायपास तक बनेगी सड़क

दैनिक भेल पॉवर

**रायसेन।** दरगाह से बाईपास सैंडोरा तक की सड़क के हाल-चाल हैं। समस्या को लेकर शहर एवं ग्रामीण जन काफी परेशान थे। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रभु राम चौधरी ने इस समस्या को गंभीरता से लिया। सड़क निर्माण के लिए 2.10 करोड़ रुपये स्वीकृत हो गए हैं। अब जल्दी ही सड़क निर्माण किया जाएगा। नगरवासियों की वर्षों पुरानी मांग को आखिरकार सरकार ने मंजूरी दे दी है। दरगाह से सेण्डोरा बायपास तक की जर्जर सड़क अब नवीनीकरण के जरिए आधुनिक रूप लेगी। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी के सतत प्रयासों



के फलस्वरूप लोक निर्माण विभाग द्वारा 2 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। डॉ. चौधरी ने इस विषय में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह से विशेष मुलाकात कर रायसेन की समस्या से अवगत कराया था, जिसके बाद विभाग को आवश्यक निर्देश जारी किए गए। निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है और बारिश खत्म होते ही कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। इस सौगात के लिए डॉ. चौधरी ने कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से रायसेन नगर एवं आसपास के क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी राहत मिलेगी और यह क्षेत्र के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएगा। जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और समर्पण से जुड़ी यह उपलब्धि जनहित में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# माधान ऑनलाइन, सीएम डैशबोर्ड एवं हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

**समय - सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न**




दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** लेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सोमवार को समय-सीमा पत्रों की समीक्षा हेतु टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी एवं अपर कलेक्टर श्री अंकुर मेश्राम द्वारा की गई।ैठक में जिले के सभी अधिकारियों को समाधान ऑनलाइन, सीएम डेस्कबोर्ड एवं सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण को उच्च प्राथमिकता पर लेने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया कि आगामी दो दिवस में समाधान ऑनलाइन से संबंधित शिकायतों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए निराकरण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी एसडीएम और विभागीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से लंबित शिकायतों की मॉनीटरिंग करें और उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि कोई भी शिकायत बिना उचित कारण के फोर्स क्लोज न की जाए एवं पुअर डिस्पोजल शिकायतों का पुनः परीक्षण कर उन्हें पुनः निराकृत किया जाए। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान एवं जिले में किए जा रहे वृक्षारोपण की पोर्टल पर इंट्री एवं प्रगति रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग रकढफक साफ्टवेयर के माध्यम से चिन्हित जगह एवं पौधों का ही वृक्षारोपण करें। इस अवसर पर सभी एसडीएम तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरी गरिमा और हर्षोल्लास से मनाया जाए - संभागायुक्त श्री सिंह

**राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां समय पर पूर्ण हों**

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** आगामी 15 अगस्त को पूरे प्रदेश की भांति भोपाल में भी 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। भोपाल में राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन पूरी गरिमा और हर्षोल्लास के साथ हो। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह लाल परेड ग्राउंड पर प्रातः 9.00 बजे से आयोजित होगा। संभागायुक्त डॉ. संजीव सिंह ने सोमवार को कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में संबंधित विभागों की बैठक ली और निर्देश दिए कि मुख्य समारोह की सभी तैयारियां उत्कृष्ट हों तथा समय पर पूर्ण की जाएं। सभी विभाग उन्हें सौंपे गए दायित्व को तत्परतापूर्वक पूर्ण करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री हरेंद्र नारायण, एडीएम श्री प्रकाश नायक, उपायुक्त राजस्व श्रीमती किरण गुप्ता, एसीपी ग्रामीण श्री पंकज श्रीवास्तव, सेनानी 23वीं वाहिनी राजेश्वरी माहोबिया सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी



उपस्थित थे। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि बारिश के मद्देनजर सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक व्यवस्था उत्तम हो तथा कार्यक्रम में आने वाले स्कूली बच्चों और परेड में भाग लेने वाले पुलिस बल आदि का विशेष ध्यान रखा जाए। वाहनों की पार्किंग व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। कार्यक्रम स्थल पर शुद्ध पेयजल व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग प्राथमिक चिकित्सा की पूरी व्यवस्था रखे। लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, बिजली विभाग सहित सभी विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें और उत्कृष्ट परिणाम दें। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शौर्य स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे जिसकी व्यवस्था संस्कृति विभाग द्वारा राजधानी परियोजना के सहयोग से पूर्ण की जाए। गत वर्ष की भांति रविंद्र भवन में शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर भोपाल द्वारा गणमान्य नागरिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों तथा अधिकारियों को आमंत्रित करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों एवं प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान पूर्वक कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाए। वृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को घर जाकर सम्मानित किया जाए।

# उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता एवं विधायक श्री भगवानदास सबनानी व महापौर श्रीमती मालती राय की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई गांधी मेडिकल कॉलेज की सामान्य सभा की बैठक



**राजधानी के गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में सोमवार को उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में गांधी मेडिकल कॉलेज की सामान्य सभा की 19वीं बैठक संपन्न हुई।**

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में संपन्न गांधी मेडिकल कॉलेज की सामान्य सभा में विधायक श्री भगवानदास सबनानी व महापौर श्रीमती मालती राय भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। राजधानी के गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में सोमवार को उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में गांधी मेडिकल कॉलेज की सामान्य सभा की 19वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधायक श्री भगवानदास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य सेवा कापोर्रेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री मयंक अग्रवाल, गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. कविता सिंह सहित अन्य चिकित्सक व अधिकारीगण मौजूद थे

# कलेक्टर ने शहर के प्रमुख चौराहों का किया निरीक्षण, संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सोमवार को भोपाल में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुचारु बनाए रखने हेतु स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डिस्ट्रिक्ट कोर्ट चौराहा, सात नम्बर चौराहा, 1250 चौराहा, प्लैटिनम प्लाजा तथा 11 मील सहित प्रमुख चौराहों का मौका-मुआयना कर वस्तुस्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती इला तिवारी, एडीएम श्री अंकुर मेश्राम, एसीपी ट्रैफिक श्री बी.एस. कोल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शहरवासियों को सुरक्षित एवं निर्बाध यातायात सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स, लेफ्ट टर्न तथा ट्रैफिक सिग्नल्स पर आवश्यक संरचनात्मक सुधार एवं यातायात अनुशासन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को समन्वयपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यातायात प्रबंधन में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तय समयसीमा में कार्य पूर्ण करें और प्रत्येक चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल, चौराहों, तिराहों और मार्गों का उन्नयन, लेफ्ट टर्न का निर्माण, डिवाइडर, रोड मार्किंग जैसे जेब्रा क्रॉसिंग और स्टॉप लाइन, रोड साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर और रम्बल स्ट्रिप्स का निर्माण किया जाए। सके साथ ही ब्लैक स्पॉट्स (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) की पहचान कर उनमें आवश्यक सुधार कार्य तत्काल प्रभाव से प्रारंभ किए जाएँ, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।



## क्रेडिट कार्ड बंद कराने के नाम पर 10.23 लाख की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

### कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तत्कालीन बैंक असिस्टेंट मैनेजर शामिल

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड को बंद कराने के नाम पर एक व्यक्ति से 10 लाख 23 हजार रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपियों को कोतवाली थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अलग-अलग जिलों से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। फरियादी ने 17 जुलाई को थाना कोतवाली में लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी कि उसके क्रेडिट कार्ड को बंद कराने के बहाने तत्कालीन पर्सनल बैंकिंग असिस्टेंट मैनेजर ने उसका कार्ड अपने पास रख लिया और मोबाइल नंबर बदलवाकर उससे 10.23 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। शिकायत पर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज कर प्रकरण में जांच प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत तथा नगर निरीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी रविंद्र यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने बैंक से प्राप्त जानकारी और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी मनोज कुमार पटले (तत्कालीन बैंकिंग असिस्टेंट मैनेजर) को पिपरिया होशंगाबाद से और उसके साथी भारत प्रताप सिंह को ग्राम वेलदरा जिला मैहर से गिरफ्तार किया।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

आरोपी ने फरियादी से क्रेडिट कार्ड बंद कराने के बहाने कार्ड लिया और उसके मोबाइल नंबर की जगह अपना नंबर अपडेट कर दिया। इसके बाद फरियादी की जानकारी के बिना ही कार्ड से 10.23 लाख रुपये की निकासी कर ली गई। पुलिस ने आरोपियों से फरियादी का एचडीएफसी बैंक का एक क्रेडिट कार्ड जब्त किया है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस पूरे प्रकरण के खुलासे और गिरफ्तारी में थाना प्रभारी रविंद्र यादव के साथ उप निरीक्षक विक्रम आदर्श, प्रधान आरक्षक कपिल कुशवाहा, आरक्षक विवेक प्रताप सिंह, हमीर सिंह और कपिल मेवाड़ा की विशेष भूमिका रही

## दूसरे दिन मिले भेरू खो झरने में डूबे वीआईटी के दोनों छात्रों के शव

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की बार-बार की समझाइश और अपील के बावजूद जिले में घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला जिले के दौलतपुर से लगे देवास जिले के खिवनी अभ्यारण्य के जंगल में स्थित भेरू खो झरने का है, जहां वीआईटी कॉलेज के दो छात्रों की डूबने से मौत हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद सोमवार की सुबह 11 बजे दोनों छात्रों के शव बरामद कर लिए गए, जिन्हें पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपे गए। गौरतलब है कि रविवार को वीआईटी कॉलेज के पांच छात्र नरेंद्र (20) गुजरात, वामासी (20) हैदराबाद, ललित (20) हैदराबाद, सिन्मुक (20) हैदराबाद और हेमंत (20) हैदराबाद, पिकनिक मनाने भेरू खो झरने पर पहुंचे थे। शाम करीब 6-7 बजे के बीच जब वे मौज-मस्ती कर रहे थे, तभी सिन्मुक सेल्फी लेते समय फिसल कर झरने में जा गिरा, उसे बचाने के लिए हेमंत भी झरने में कूद गया, लेकिन दोनों ही बाहर नहीं आ सके।



### शेष बचे छात्रों ने पुलिस को दी सूचना

*साथ आए तीन अन्य छात्र सकुशल जंगल से बाहर आ गए और उन्होंने घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही इछावर थाना पुलिस की टीम, एसडीआरएफ और एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। रात का समय और झरने की गहराई अधिक होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में परेशानी आई, जिसके चलते रात में अभियान रोकना पड़ा था। सोमवार सुबह होते ही दोबारा तलाशी अभियान शुरू किया गया और करीब 11 बजे दोनों छात्रों के शव निकाल लिए गए। शवों के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपे गए।*

## जिला अधिकारी स्कूल, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र आदि का करें निरीक्षण



दैनिक भेल पॉवर ■

बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने उप संचालक कृषि, जिला शिक्षा अधिकारी, सीएमएचओ, डीपीसी, जिला संयोजक आदिम जाति, सभी जनपद सीईओ, सीएमओ, सीडीपीओ सहित अन्य अधिकारियों को इस सप्ताह क्षेत्र में सतत भ्रमण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र, खरीदी केन्द्र, खाद वितरण केन्द्र, गौशाला, अस्पताल, छात्रावास आदि संस्थाओं का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि संस्थाओं में सभी व्यवस्थाएं सुचारू हों। कलेक्टर श्री विवश्कर्मा ने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य केवल कमियां निकालना ना हो, समस्या को पहचानकर उसका निदान भी सुनिश्चित कराना है। स्कूलों और छात्रावासों के निरीक्षण के दौरान छात्रों से संवाद भी किया जाए तथा शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यानह भोजन आदि की जानकारी ली जाए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, सहायक कलेक्टर श्री कुलदीप पटेल सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

## भाजपा राज में तानाशाही चरम पर: गुजराती

### खेड़ापुरा मेहतवाड़ा में धरने पर बैठे ग्रामीणों से मिले जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक के वायरल ऑडियो पर भी साधा निशाना

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार में निरंकुशता और तानाशाही अपने चरम पर है। यह बात जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने ग्राम खेड़ापुरा मेहतवाड़ा में सडक की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। श्री गुजराती बीते कई दिनों से सडक की मांग को लेकर चल रहे धरने में शामिल हुए और ग्रामीणों की मांग को न्यायोचित बताते हुए शासन-प्रशासन से शीघ्र निराकरण की मांग की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बुनियादी सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर श्री गुजराती ने विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के वायरल ऑडियो पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि विधायक की भाषा अमर्यादित, असंसदीय और लोकतंत्र के विरुद्ध है। उनकी बातों में घमंड और दंभ साफ झलकता है, जो जनप्रतिनिधि के व्यवहार के अनुरूप नहीं है। ग्रामीणों के साथ दिखा कांग्रेस का समर्थन धरना स्थल पर जिला पंचायत सदस्य




कमल सिंह चौहान, जावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद ठाकुर, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल सिंह पहलवान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता घनश्याम जांगड़ा, संदीप सिंह ठाकुर, रामचरण दवारिया, करण भरेवा, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, जीवनराज द्रविड़ सहित अनेक ग्रामीणजन मौजूद रहे। गौरतलब है कि खेड़ापुरा मेहतवाड़ा के ग्रामीण लंबे समय से जर्जर सडक की मरम्मत और नई सडक निर्माण की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं, लेकिन अब तक किसी ने सुध नहीं ली।

## एसएटीआई विद्युत विभाग द्वारा बीआईएस औद्योगिक भ्रमण व क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन

दैनिक भेल पॉवर ■

**विदिशा।** सम्राट अशोक टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (एसएटीआई), विदिशा के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो (इकर) के सहयोग से दो दिवसीय गतिविधियों झ औद्योगिक भ्रमण एवं जागरूकता क्विज प्रतियोगिता झ का सफल आयोजन किया गया। 13 जुलाई को आयोजित क्विज प्रतियोगिता में 33 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें सादिया मसूर ने प्रथम पुरस्कार ?1000 प्राप्त किया। वहीं अंजलि आहिरवार, निखिल त्रिपाठी और उन्नति लहरिया को क्रमशः द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अगले दिन, 14 जुलाई को विभाग के 35 छात्र-छात्राएं प्रो. चंद्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में भोपाल स्थित बीआईएस प्रमाणित ₹अवध ट्रांसफार्मर इकाई के




औद्योगिक भ्रमण पर गए, जहां उन्होंने ट्रांसफार्मर निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। कार्यक्रमों का समन्वय डॉ. शिल्पी तोमर ने किया, जिनके साथ डॉ. मोनिका जैन और दीप्ति जैन भी उपस्थित रहीं। संस्थान निदेशक डॉ. वाई.के. जैन, डीन अकादमिक डॉ. आलोक जैन एवं सचिव एम.जे.ई.एस. डॉ. लक्ष्मीकांत मर्खेड़कर ने विभाग की इन पहलों की सराहना की।

## सैनिक के सूने मकान को चोरों ने निशाना, लाखों का माल पार

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** शहर के कंचन विहार कॉलोनी में एक सूने मकान में सेंध लगाकर चोरों ने लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घर के मालिक गजराज सिंह मंडलोई परिवार सहित गांव गए हुए थे, तभी अज्ञात चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार कंचन विहार कॉलोनी निवासी भारतीय सेना में सैनिक गजराज सिंह मंडलोई बीते 26 जुलाई को अपने परिवार के साथ गांव खंडवा गए हुए थे। 27 जुलाई की शाम जब वे वापस लौटे, तो घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ मिला। अंदर जाने पर उन्होंने देखा कि हॉल के गेट का कुंदा उखड़ा हुआ था और कमरों का सारा सामान बिखरा पड़ा था। सैनिक गजराज सिंह ने बताया कि चोरों ने उनके घर से सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर, होम थिएटर, रसोई का कुछ सामान, बच्चों का स्कूल बैग और एक मोबाइल चार्जर चुरा लिया है। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 10 हजार रुपये आंकी गई है। गजराज सिंह ने तुरंत इस संबंध में कोतवाली पुलिस थाने में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है और पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## लेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यशाला सम्पन्न

दैनिक भेल पॉवर ■

**रायसेन।** जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यशाला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम पर चर्चा करते हुए सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू किए जाने के निर्देश दिए। शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज की परिधि में तम्बाकू उत्पादों का विक्रय ना हो यह सुनिश्चित कराएं। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें तथा जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु सामुदायिक स्तर पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएं। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने भी तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कार्यशाला में मध्यप्रदेश वोलंटरी हेल्थ एसोसिएशन के श्री आनंद वर्मा द्वारा उडळढअ-2003, ई-सिगरेट




प्रतिषेध अधिनियम 2019, हुक्का बार प्रतिबंध तथा तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान गाइडलाइन्स पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में तंबाकू सेवन से हर साल लाखों लोग प्रभावित होते हैं और इसका प्रभाव विशेष रूप से किशोर एवं युवाओं में बढ़ता जा रहा है। उन्होंने तंबाकू मुक्त गाँव की दिशा में किए जा सकने वाले प्रयासों को भी रेखांकित किया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## झालावाड़ घटना के बाद सीहोर अलर्ट: जर्जर स्कूल भवन तत्काल ध्वस्त हों, कलेक्टर के निर्देश

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** राजस्थान के झालावाड़ में हाल ही में हुए स्कूल भवन से संबंधित घटना के बाद जिला प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। सोमवार को कलेक्टर बालागुरु के. की अध्यक्षता में हुई टीएल बैठक में उन्होंने जर्जर स्कूल भवनों को तत्काल ध्वस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर लोक निर्माण विभाग को आदेश दिया कि जिले में जितने भी जर्जर स्कूल भवन हैं, उन्हें गिराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन स्कूल भवनों को मरम्मत की आवश्यकता है, उनकी मरम्मत का



कार्य भी युद्धस्तर पर कराया जाए ताकि छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए आईटीआई, पॉलिटेक्निक और डिग्री कॉलेजों में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 10वीं और 12वीं पास करने वाला कोई भी छात्र आगे की पढ़ाई से वंचित न रहे, विशेषकर आर्थिक कारणों से ड्रॉपआउट होने वाले छात्रों को प्रोत्साहित कर दोबारा प्रवेश दिलाया जाए।

# किसानों को सुगमता से मिले खाद, नकली खाद बेचने या कालाबजारी करने वालों पर करें कठोर कार्रवाई

### अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का निरीक्षण कर सुचारू वितरण व्यवस्था बनाने के निर्देश, टीएल बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने की विभागीय गतिविधियों और सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा

**इसी प्रकार सभी एसडीएम को वषार्काल के दृष्टिगत की गई तैयारियों की पुन: समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नर्मदा नदी के तटीय क्षेत्रों सहित अन्य नदियों के जल स्तर पर तथा पुल-पुलियों पर पानी होने पर निगरानी बनाए रखने तथा तुरंत अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।**

दैनिक भेल पॉवर ■

**सत्येंद्र जोशी रायसेन।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा जिले में खाद वितरण की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने जिले में डीएपी, यूरिया आदि खाद की उपलब्धता और वितरण की विकासखण्डवार जानकारी लेते हुए उप संचालक कृषि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहकारी बैंक, उपायुक्त सहकारिता को खाद वितरण केन्द्रों का सतत निरीक्षण करने तथा सुचारू वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि जिले में कहीं भी नकली खाद का विक्रय, खाद की कालाबजारी या खाद वितरण में भेदभाव ना हो। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सभी एसडीएम और कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करें। साथ ही कृषि संगठनों से भी प्रतिदिन संवाद कर खाद वितरण की स्थिति, स्टॉक की मात्रा तथा प्राप्त होने वाली खाद की भी जानकारी दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्र में कहीं भी खाद वितरण को लेकर अव्यवस्था निर्मित होने की संभावना होने पर तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएं। उन्होंने कृषि अधिकारी से आगामी दिवसों में प्राप्त होने वाली उर्वरकों की जानकारी लेते हुए अग्रिम मांग प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने अभी तक उपार्जित मूंग की मात्रा, उपार्जित मूंग के सुरक्षित भण्डारण और किसानों को भुगतान की जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की गति धीमी हुई है, इसमें तेजी लाएं। कोई भी शिकायत नॉन अटेन्डेन्ट ना रहे तथा ना ही निम्न गुणवत्ता से निराकृत हो। उन्होंने 50 दिवस और 100 दिवस से अधिक समयावधि वाली शिकायतों का एक सप्ताह में प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

#### नदियों के जल स्तर तथा तटीय क्षेत्रों पर नजर बनाए रखने के निर्देश

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जिले में भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार सभी एसडीएम को वषार्काल के दृष्टिगत की गई तैयारियों की पुनः समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नर्मदा नदी के तटीय क्षेत्रों सहित अन्य नदियों के जल स्तर पर तथा पुल-पुलियों पर पानी होने पर निगरानी बनाए रखने तथा तुरंत अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जलभराव या बाढ़ की स्थिति होने पर आवश्यकतानुसार राहत एवं बचाव केन्द्र शुरू किए जाएं। साथ ही राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए 04 अगस्त तक 85 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

#### अधिकारियों को क्षेत्र में भ्रमण कर जीर्ण-शीर्ण भवनों की जांच करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि बारिश के दौरान जीर्ण-शीर्ण भवनों के गिरने से किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो, इसके लिए एसडीएम, सीएमओ, जनपद सीईओ सहित अन्य जिला अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जीर्ण-शीर्ण भवनों की सूची तैयार कर नियमानुसार करें। उन्होंने सभी एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी, जनपद सीईओ, सीएमओ, बीआरसी, सीडीपीओ को आगामी एक सप्ताह में क्षेत्र का भ्रमण कर जीर्ण-शीर्ण भवनों की जांच करेंगे। क्षेत्र में जीर्ण-शीर्ण भवन नहीं होने पर संबंधित अधिकारी संयुक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाने और स्वामित्व योजना के लंबित प्रकरणों का 31 जुलाई तक अंतिम निराकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।

#### अवैध शराब बिक्री करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सभी एसडीएम को कृषि उपज मंडियों का भी भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को अधिक समय तक इंतजार ना करना पड़े, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी अवैध शराब की बिक्री ना हो, अवैध शराब की बिक्री करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इसी प्रकार खनिज अधिकारी को बिना रॉयल्टी के अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

# पौराणिक काल से ही होती रही है नागों की पूजा





नागालैंड को तो नागवंशियों का मुख्य स्थान माना गया है और कुछ ग्रंथों में कश्मीर को भी नागभूमि कहा गया है। भारत में दक्षि ा भारत के पर्वतीय इलाकों के अलावा उत्तराख ड, हिमाचल प्रदेश, अरू ाचल प्रदेश, असम इत्यादि में नाग पूजा प्रमुखता से होती है।


**श्रा**वण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को प्रतिवर्ष देशभर में नाग पंचमी का त्योहार मनाया जाता है, जो इस वर्ष 29 जुलाई को मनाया जा रहा है। हालांकि कुछ राज्यों में चैत्र तथा भाद्रपद शुक्ल पंचमी के दिन भी ह्यनाग पंचमीह्ण मनाई जाती है। ज्योतिष के अनुसार पंचमी तिथि के स्वामी नाग हैं, इसीलिए मान्यता है कि नाग पंचमी के दिन भगवान शिव के आभूषण नाग देवता की पूजा पूरे विधि-विधान से करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि के अलावा आध्यात्मिक शक्ति, अपार धन और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और सर्पदंश के भय से भी मुक्ति मिलती है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार नाग पंचमी इस बार हस्त नक्षत्र के शुभ संयोग में मनाई जाएगी। नाग पंचमी के दिन कुछ स्थानों पर ह्यकुशह्ण नामक घास से नाग की आकृति बनाकर दूध, घी, दही इत्यादि से इनकी पूजा की जाती है जबकि कुछ अन्य स्थानों पर नागों के चित्र या मूर्ति को लकड़ी के एक पाट पर स्थापित कर मूर्ति पर हल्दी, कुमकुम, चावल, फूल चढ़ाकर पूजन किया जाता है और पूजन के पश्चात कच्चा दूध, घी, चीनी मिलाकर नाग मूर्ति को अर्पित की जाती है। मान्यता है कि ऐसा करने से नागराज वासुकि प्रसन्न होते हैं और पूजा करने वाले परिवार पर नाग देवता की कृपा होती है।

कुछ धर्म ग्रंथों में नागों को पूर्वजों की आत्मा के रूप में भी माना गया है। हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार नागों को पौराणिक काल से ही देवता के रूप में पूजा जाता रहा है और नाग पंचमी के दिन नाग पूजन करने का तो काफी ज्यादा महत्व माना गया है। भारत में कई स्थानों पर नाग देवता के कई प्राचीन मंदिर हैं और नागालैंड, नागपुर, अनंतनाग, शेषनाग, नागवनी, नागारखंड, भागसूनाग इत्यादि देश में कई स्थानों का तो नाम ही नागों के नाम पर ही रखा गया है। नागालैंड को तो नागवंशियों का मुख्य स्थान माना गया है और कुछ ग्रंथों में कश्मीर को भी नागभूमि कहा गया है। भारत में दक्षिण भारत के पर्वतीय इलाकों के अलावा उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम इत्यादि में नाग पूजा प्रमुखता से होती है। जिस प्रकार हमारे कुल देवताओं में देवी-देवता शामिल होते हैं, ठीक उसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में नागों को भी स्थान देवता माना जाता है। कई जगहों पर तो नागों को कुल देवता, ग्राम देवता और क्षेत्रपाल भी कहा जाता है। हमारे धर्म शास्त्रों के अनुसार कुल 33 कोटि देवी-देवता हैं, जिनमें नाग भी शामिल हैं।

नागों की उत्पत्ति और उनके पाताललोक वासी होने को लेकर महाभारतकालीन एक कथा प्रचलित है। वराहपुराण के अनुसार, महर्षि कश्यप की तेरह पत्नियां थी, जिनमें से एक थी राजा दक्ष की पुत्री कद्रू, जिसने महर्षि कश्यप की बहुत सेवा की, जिससे प्रसन्न होकर महर्षि ने कद्रू को वरदाने मांगने के लिए कहा। कद्रू ने उनसे एक हजार तेजस्वी नाग पुत्रों का वरदान मांगा। महर्षि कश्यप के वरदानस्वरूप कद्रू से ही नाग वंश की उत्पत्ति हुई लेकिन जब इन नागों ने धरती पर लोगों को डसना शुरू किया तो नागों से रक्षा के लिए सभी ने ब्रह्माजी से प्रार्थना की। तब ब्रह्माजी ने सभी नागों को श्राप देते हुए कहा कि जिस तरीके से तुम लोगों पर अत्याचार कर रहे हो, अगले जन्म में तुम सभी का नाश हो जाएगा। यह श्राप सुनकर नाग भयभीत हो गए और उन्होंने कातर स्वर में ब्रह्माजी से प्रार्थना की कि जिस प्रकार मनुष्यों के रहने के लिए उन्हें पृथ्वी दी गई है, उसी प्रकार उन्हें भी इस ब्रह्माण्ड में कोई अलग स्थान दिया जाए, जिससे इस समस्या का भी समाधान हो जाएगा। तब ब्रह्माजी ने उन्हें रहने के लिए पाताल देते हुए कहा कि अब से तुम सभी भूमि के अंदर पाताललोक में ही रहोगे। उसके बाद सभी नाग पाताललोक में निवास करने लगे। माना जाता है कि ब्रह्राजी ने मनुष्यों की नागों से रक्षा के लिए जिस दिन उनके पाताल में रहने की व्यवस्था की, उस दिन सावन महीने की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि थी और तभी से इसी तिथि पर नागों की पूजा के लिए नाग पंचमी त्योहार मनाया जाने लगा।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार नाग भगवान शिव के गले का हार तो हैं ही, भगवान विष्णु भी समुद्र में शेषनाग की शैया पर विश्राम करते हैं और यह भी मान्यता है कि हमारी धरती इन्हीं शेषनाग के फन पर टिकी है। त्रेता युग में शेषनाग ने भगवान श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण के रूप में धरती पर जन्म लिया था और द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम भी शेषनाग के अवतार माने गए हैं। वैसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नागों को कृषक मित्र जीव माना गया है। दरअसल ये खेतों में फसलों के लिए खतरनाक जीवों, चूहों इत्यादि का भक्षण कर फसलों के लिए मित्र साबित होते हैं लेकिन वर्तमान समय में नागों या सांपों की खाल, जहर इत्यादि चीजों से बड़े व्यापारिक लाभ के लिए बड़ी संख्या में इन्हें मारा और बेचा जाता है। इसी कारण वन्य और जीव-जंतु विभाग तथा सरकारों द्वारा नागों को संरक्षित करने के लिए सांपों को पकड़ने और उन्हें दूध पिलाने पर रोक लगाई जाती है।

# ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय, औरन को शीतल करे आपहुं शीतल होय




**वि**श्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत पूरी दुनियाँ में बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए जाना जाता है, क्योंकि यह आवाज 142.6 करोड़ जनसांख्यिकीयतंत्र की आवाज होती है इसलिए पूरी दुनियाँ के प्रमुख व्यक्तित्व गंभीरता से भारत के बयानों पर ध्यान देकर उसका उचित विवेकपूर्ण मंथन कर सकारात्मक समझ निकालते हैं।हालांकि अपवाद स्वरूप कुछ देश ऐसे भी हैं जो भारत की बातों को विवादों में भी ले जाने की कोशिश करते हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि हम भारत माता के वंशज हैं। संस्कृति, सभ्यता हमारे लहू में समाई हुई है। हम दैनिक जीवन में भी अपनी राय बेबाकी से रखने में विश्वास रखते हैं क्योंकि हम लोकतंत्र की छत्रछाया में रहने के आदी हैं, परंतु हम में से कई लोग ऐसे भी हैं जो अपनी राय बनाने में गंभीर नहीं हैं बिना सोचे समझे बयान बाजी, राय देना सलाह देना, किसी भी बात का नकारात्मक मतलब निकालना, बिना बात के झगड़ा बढ़ाना, सहनशीलता संवेदनशीलता और सहिष्णुता की कमी के कारण जीवन में छोटी-छोटी बातों का परिणाम विभित्सक रूप धारण कर लेता है जिससे हमारी जान के लाले भी पड़ जाते हैं इसलिए हमें चाहिए कि किसी भी विषय वस्तु, बात,स्थिति पर अपनी राय बनाते,शब्दों का चयन करते ह्व समय विवेकपूर्ण हाजर मंथन कर उस बात को रखना अपेक्षाकृत सटीक होगा, उस राय की सटीकता का विचार भी कुछ पलों में कर नपी तुली समझ का परिचय देना जरूरी है। चूंकि हम वैश्विक स्तरपर भारत की राय और भारत माता के सपूतों की राय प्रकट करने की बात कर रहे हैं, इसीलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे आओ सोच समझकर अपनी राय बनाए, वाणी बोले। साथियों बात अगर हम अनेक मुद्दों पर मनीषियों की राय की करें तो दरअसल, हर मुद्दे को लेकर सबकी राय अलग अलग होती है, ऐसे में कई लोग सही तरह से राय व्यक्त न कर पाने के कारण भीड़ का हिस्सा बन जाते हैं, तो कुछ लोग दिलचस्प तरीके से अपनी बात रखकर भीड़ से अलग पहचान बनाने में कामयाब हो जाते हैं,आमतौर पर हर चीज को लेकर सभी लोगों कि अपनी अपनी राय होती हैं, ऐसे में ज्यादातर लोग नुक्कड़ पर राजनीतिक चर्चा से लेकर सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने और घरेलू मामलों में अपनी राय देने से पीछे नहीं हटते हैं। हालांकि, इस दौरान कुछ लोगों की राय भीड़ से बिल्कुल अलग होती है. वहीं अगर हम चाहें तो कुछ इंप्रेसिव तरीकों से अपनी राय को सबसे अलग बना सकते हैं। साथियों कई बार जल्दी जल्दी में राय देने के चक्कर में हम अपनी बात को सही तरीके से पेश नहीं कर पाते हैं, ऐसे में न सिर्फ हम सामने वाले को अपनी बात समझाने में असफल हो जाते हैं बल्कि सामने बैठे लोग हमारी बात का गलत मतलब भी निकाल सकते हैं, इसलिए हमें अपनी राय रखने से पहले शब्दों का चुनाव काफी सोच-समझ कर ही करना है। वैसे तो हर मुद्दे पर सभी का अलग राय होती है, वहीं राय सही या गलत भी हो सकती है, मगर राय रखते समय कई लोग अपनी बात को इतने खास अंदाज में बयां करते हैं कि हम चाहकर भी उनकी बात का विरोध नहीं कर पाते हैं। हालांकि, अगर हम चाहें तो राय देने के इस दिलचस्प तरीके को अपनी व्यक्तित्व में भी शामिल कर सकते हैं। साथियों बात अगर हम राय देने में शब्दों के चयन की करें तो हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में भी हमें शब्दों का चयन सोच समझ कर करना चाहिए, चाहे किसी से बात करने के क्रम में हो या किसी समारोह में या किसी वाद विवाद में। ऐसा माना जाता है कि हथियार या चोट के घाव तो भर जाते हैं पर शब्दों के घाव हमेशा ताजा रहते हैं। किसी मित्र की टांग खिंचाई में बड़ा मजा आता है पर ऐसा करने में हम इतने मशगूल हो जाते हैं कि कुछ अनचाहा कह जाते हैं। कुछ ऐसा ही क्रोध के समय भी होता है। इसीलिए क्रोध के समय अप्रिय बातें करने से बचना चाहिए। इसके अलावा यदि किसी को सलाह दी जाए तो इस बात का ध्यान रखा जाए कि हमारे शब्दों से उसके आत्मसम्मान को ठेस ना पहुंचे। यदि सही शब्दों का चयन किया जाए तो आदेश भी निवेदन लगेगा और बिना किसी के अहम को ठेस पहुंचे सब का काम हो जाएगा। साथियों इसके साथ ही हमें अपने कहे गए शब्दों की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। चाहे अनचाहे यदि आपकी बातों से किसी की भावनाएं आहत हो तो हमें उन बातों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, ना कि तरह-तरह के बहाने बनाकर अपनी बातों को सिद्ध करना चाहिए। ऐसा करके हम अनावश्यक बहस से निजात पा सकेंगे और सामने वाले के मन में भी सम्मान के पात्र बनेंगे। वास्तव में हमारे शब्द हमारे हृदय की प्रेम की अभिव्यक्ति हैं। अब यह हमारे ऊपर है कि हम इस प्रेम को संसार में लुटाएं या प्रेम की जगह घृणा फैलाएं। प्रेम पूर्वक की गई आलोचना किसी को सही मार्ग पर ला सकती है या अप्रिय शब्दों से युक्त अच्छी सलाह उसे गलत रास्ते को चुनने की ओर प्रेरित कर सकती है। इसलिए हमें शब्दों के खजाने को निरंतर बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि इनका प्रयोग संसार में खुशियां बांटने में किया जा सके।अतएव सोच समझकर शब्दों का चयन करें। साथियों बात अगर हम अपनी राय शाब्दिक अभिव्यक्ति के बाद तीसरे सबसे कीमती सोने पर सुहागा वाणी की करें तो, कबीर दास जी का यह दोहा और उसका अर्थ सबने सुना होगा, ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय,औरन को शीतल करे आपहु शीतल होय,हम सब इसका अर्थ भी जानते हैं पर हम में से ऐसे कितने हैं जो इन पर अपनी मौजूदा जिंदगी में अमल करते हैं। यह सिर्फ एक दोहा नहीं है,एक फिलॉसफी है कि हम अपने शब्द का चुनाव सोच समझकर करें। आखिर शब्द ही हैं जो दोस्त को दुश्मन और दुश्मन को दोस्त बनाने की काबिलियत रखते हैं। द्रौपदी के कहे तीखे शब्द, जो उसने दुर्योधन को कहे, महाभारत के युद्ध का एक कारण बने। दूसरी तरफ दुर्योधन के शब्दों ने कर्ण को अपना मित्र बना लिया। यह दिखाता है कि किस प्रकार शब्द अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। हम बिना सोचे-समझे किसी की बात को गलत कह देते हैं, क्या यह कहना इतना आसान होता है।


# संपादकीय

## नागरिकता अब जन्म से नहीं सरकार की कृपा से

**भा**रतीय लोकतंत्र में नागरिकता सिर्फ एक कानूनी दर्जा नहीं है। एक पहचान है, जो व्यक्ति को संविधान प्रदत्त अधिकारों, जिम्मेदारियों और गरिमा से जोड़ती है। जब यह अधिकार सरकार की मनमर्जी पर टिक जाए। अदालतें भी अलग-अलग राय देने लगें। तब सवाल उठता है, इस देश में जन्म लेने और नागरिकता के लिए सरकार के भरोसे रहना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस मदन बी. लोकुर की पुस्तक समीक्षा में इस संकट की तस्वीर सामने आई है। जो हमें सोचने को मजबूर करती है, भारतीय नागरिकता अब सरकार की दयाह्ण पर निर्भर होगी। जस्टिस लोकुर ने अपनी किताब में असम एनआरसी, विदेशी ट्रिब्यूनल्स और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) जैसे मुद्दों पर गहराई से मंथन किया है। उनका तर्क है, नागरिकता जैसे मौलिक अधिकार को तय करने की कोई ठोस, पारदर्शी और समान मानक नहीं हैं। न्यायपालिका परस्पर विरोधी निर्णय दे रही है। यह स्थिति संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों और लोकतंत्र की आत्मा के लिए बडा घातक है। एक ही प्रकार के मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट ने नागरिक को विदेशी ठहरा दिया। सुप्रीम कोर्ट में उन्हीं तथ्यों पर उसे ह्यभारतीयह्ण माना। ऐसे में यह सवाल जरूरी हो जाता है, क्या नागरिकता अब कोई ठोस संवैधानिक अधिकार है। अथवा सरकारों की मनमर्जी का औजार बन गया है। न्यायमूर्ति की पुस्तक में स्पष्ट संकेत है, राज्य अब नागरिक के प्रति जवाबदेही के स्थान पर नागरिक से ही प्रमाण मांग रहा है। निर्धन किसान, महिला, गरीब परिवार जो झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं, बिना पढ़े लिखे हैं। एक बाढ़ में सब कुछ खो देते हैं। नागरिकता साबित करने के लिए सरकारी दस्तावेज एवं प्रमाण जुटाने के लिए दर-दर भटकता फिर रहा है। यह प्रशासनिक ही नहीं, नैतिक रूप से संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक विफलता है। नागरिकता की यह राजनीति सरकारी हिंसा है। जिसमें एक वर्ग को संदिग्ध, अवैध और ह्यअन्यह्ण के रूप में चिह्नित कर प्रताड़ित किया जा रहा है। जस्टिस लोकुर ने अपनी पुस्तक में जिस तरह की चिंता व्यक्त की है। भारत में नागरिकता से जुड़े कानून जैसे नागरिकता अधिनियम, 1955 पुरानी पड़ चुकी है। राजनीतिक उद्देश्य साधने के लिए कानून की मनमाफिक व्याख्या की जा रही है। सीएए 2019 मे विशेष रूप से धर्म के आधार पर नागरिकता देने की बात करता है। यह संवैधानिक धर्मनिरपेक्षता पर सीधा प्रहार है। इससे न सिर्फ मुसलमानों और अल्प संख्यकों की नागरिकता को लेकर डर फैला है। नागरिकता की धारणा भी धार्मिक पहचान में सिमट गई है। विभिन्न न्यायालयों में 1500 से अधिक नागरिकता के प्रकरणों में अलग-अलग निर्णय आए हैं। यह सभी निर्णय एक दूसरे के खिलाफ हैं। न्यायपालिका को नागरिकता जैसे मूलभूत अधिकार पर संवैधानिक दृष्टिकोण और त्वरित न्याय को अपनाना होगा। वर्तमान स्थिति को देखते हुए भारत मे राष्ट्रीय नागरिकता आयोग की आवश्यकता है। जो राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होकर संविधान के अनुसार निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से नागरिकता तय करे। ह्यनागरिकताह्ण कोई उपकार नहीं, यह प्रत्येक मनुष्य का जन्मसिद्ध नागरिक होने का मौलिक अधिकार है। इसे प्रमाणित करने की ज़िम्मेदारी सरकार की है। जन्म तो भगवान की मर्जी से होता है। मां-बाप और जन्म लेने वाले को अधिकार नहीं होता है। वह किसको अपना बाप चुने। किस कुल और किस धर्म में जन्म ले।

## (आस्था)

### नाग पंचमी पर करें इन प्रभावशाली मंत्रों का जाप, खुलेंगे सौभाग्य के द्वार, सुख-समृद्धि की होगी प्राप्ति...



नाग पंचमी पर करें इन प्रभावशाली मंत्रों का जाप, खुलेंगे सौभाग्य के द्वार, सुख-समृद्धि की होगी प्राप्ति हिंदू धर्म में नाग पंचमी का विशेष महत्व है। इस दिन नाग देवता की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि नाग पंचमी के दिन कुछ विशेष मित्रों का जाप करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। आइए जानते हैं इन खास मंत्रों के बारे में... नाग पंचमी पर करें इन मंत्रों का जाप हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल नाग पंचमी 29 जुलाई को मनाई जाएगी। इस दिन नाग देवता की विधिवत पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन नाग देवता और भगवान शिव की विधिपूर्वक पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। वहीं इस दिन शिवलिंग का अभिषेक करना बेहद शुभ माना जाता है। इसके अलावा इस दिन कुछ विशेष मंत्रों का जाप भी अवश्य करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से न केवल कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है बल्कि जीवन में आने वाली बाधाएं भी समाप्त होती हैं। साथ ही भगवान शिव की विशेष कृपा भी प्राप्त होती है। ऐसे में आइए जानते हैं नाग पंचमी पर पढ़े जाने वाले प्रभावशाली मंत्र कौन-कौन से हैं।

## आज का राशिफल

**मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ।**

**मेष:** आज के मनोरंजन में बाहर की गतिविधियों और खेल-कूद को शामिल किया जाना चाहिए। इस राशि के विवाहित जातकों को आज ससुराल पक्ष से धन लाभ होने की संभावना है। आपका जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा और मददगार साबित होगा। याद रखिए कि आँखें कभी झूठ नहीं बोलतीं। आज आपके प्रिय की आँखें आपको वाकई कुछ खास बताएंगी। आज ऑफिस में आपको अच्छे परिणाम नहीं मिलेंगे। आपका कोई खास ही आज आपके साथ विश्वासघात कर सकता है। जिसकी वजह से आप दिनभर परेशान रह सकते हैं।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो।**

**वृषभ:** प्यार, उम्मीद, सहानुभूति, आशावादिता और निष्ठा जैसी सकारात्मक भावनाओं को अपनाने के लिए खुद को प्रोत्साहित करें। एक बार ये गुण आपके अंदर रच-बस जाएँ, तो हर हालात में वे खुद ही सकारात्मक तरीके से उभर आएंगे। आज आपको भूमि, रिअल-एस्टेट या सांस्कृतिक परियोजनाओं पर ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत है। संबंधियों से मुलाकात उससे कहीं बेहतर रहेगी, जितनी आपको उम्मीद थी। जो लोग अब तक सिंगल हैं उनकी मुलाकात आज किसी खास से होने की संभावना है।

**मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा।**

**मिथुन:** अच्छी चीजों को ग्रहण करने के लिए आपका दिमाग खुला रहेगा। अटके हुए मामले और घने होंगे व खर्चे आपके दिमाग पर छा जाएंगे। सामाजिक उत्सवों में सहभागिता का मौका है, जो आपको प्रभावशाली व्यक्तियों के संपर्क में लाएगा। आपकी ऊर्जा का स्तर ऊँचा रहेगा- क्योंकि आपका प्रिय आपने लिए बहुत सारी खुशी की वजह साबित होगा। खुद को अभिव्यक्त करने के लिए अच्छा समय है- और ऐसे प्रोजेक्ट पर काम कीजिए, जो रचनात्मक हों। इस राशि के उम्रदराज जातक आज के दिन अपने पूराने मित्रों से खाली समय में मिलने जा सकते हैं।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो।**

**कर्क:** आपका ऊर्जा-स्तर ऊँचा रहेगा। सट्टेबाजी से फायदा हो सकता है। अपने मित्रों के माध्यम से आपका खास लोगों से परिचय होगा, जो आगे चलकर फायदेमंद रहेगा। आज का दिन प्रेम के रंगों में डूबा रहेगा लेकिन रात के वक्त किसी पुरानी बात को लेकर आप झगड़ सकते हैं। दलालों और व्यावसायियों के लिए अच्छा दिन हैं, क्योंकि उन्हें मांग में इजाफे से फायदा होगा। इस राशि वाले जातकों को आज खाली वक्त में आध्यात्मिक पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। ऐसा करके आपकी कई परेशानियां दूर हो सकती हैं। रोमानी नजरिए से वैवाहिक जीवन के लिए अच्छा दिन है।

**सिहं: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे।**

**सिंह:** आज का दिन मौज-मस्ती और आनन्द से भरा रहेगा- क्योंकि आप जिन्दगी को पूरी तरह जिएंगे। आज के दिन आप ऊर्जा से लबरेज रहेंगे और मुमकिन है कि अचानक अनदेखा मुनाफा भी मिले। घरेलू कामकाज आपको ज्यादातर वक़्त व्यस्त रखेंगे। आज आपको प्यार का जवाब प्यार और रोमांस से मिलेगा। नई योजनाएँ आकर्षक होंगी और अच्छी आमदनी का जरिया साबित होंगी। आज आप कोई नई पुस्तक खरीदकर किसी कमरे में खुद को बंद करके पूरा दिन गुजार सकते हैं। आपका जीवनसाथी बिना जाने कुछ ऐसा खास काम कर सकता है, जिसे आप कभी भुला नहीं पाएंगे।

**कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**

**कन्या:** अपना मूड बदलने के लिए सामाजिक मेलजोल का सहारा लें। खर्चों पर काबू रखने की कोशिश करें और सिर्फ जरूरी चीजें ही खरीदें। रिश्तेदारों के यहाँ छोटी यात्रा आपके भागदौड़ भरे दिन में आराम और सुकून देने वाली साबित होगी। प्यार का बुखार आपके सर पर चढ़ने के लिए तैयार है। इसका अनुभव कीजिए। आज फायदा हो सकता है, बशर्ते आप अपनी बात भली-भांति रखें और काम में लगन व उत्साह दिखाएँ। बेवजह की उलझनों से दूर होकर आज आप किसी मंदिर, गुरुद्वारे या किसी भी धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिता सकते हैं।

**तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते।**

**तुला:** कुदरत ने आपको आत्मविश्वास और तेज दिमाग से नवाजा है- इसलिए इनका भरपूर इस्तेमाल कीजिए। दिन की शुरूआत में ही आज आपको कोई आर्थिक हानि हो सकती है जिससे सारा दिन खराब हो सकता है। शादी लायक युवाओं का रिश्ता तय हो सकता है। खयाली परेशानियों को छोड़ें और अपने साथी के साथ रोमांटिक समय बिताएँ। जो नए संपर्क आप आज बनाएंगे, वे आपके करिअर को एक नयी तेजी देंगे। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद भी आज आप अपने लिए समय निकालपाने में सक्षम होंगे। खाली वक्त में आज कुछ रचनात्मक कर सकते हैं।

**वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू।**

**वृश्चिक:** अपनी क्षमताओं को पहचानें, क्योंकि आपके अन्दर ताकत की नहीं बल्कि इच्छा-शक्ति की कमी है। आपको मेरी सलाह है कि शराब सिगरेट जैसी चीजों पर पैसा खर्च न करें, ऐसा करना आपके स्वास्थ्य को तो खराब करता ही है आपकी आर्थिक स्थिति भी इससे बिगड़ती है। आपका जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा और मददगार साबित होगा। मुहब्बत का सफर प्यारा, मगर छोटा होगा। आज ऑफिस में आपको अच्छे परिणाम नहीं मिलेंगे। आपका कोई खास ही आज आपके साथ विश्वासघात कर सकता है। जिसकी वजह से आप दिनभर परेशान रह सकते हैं।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे।**

**धनु:** धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता जरूर दिलाएंगे। जो लोग लघु उद्योग करते हैं उन्हें आज के दिन अपने किसी करीबी की कोई सलाह मिल सकती है जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होने की संभावना है। जिन्हें आप चाहते हैं, उनके साथ उपहारों का लेन-देन करने के लिए अच्छा दिन है। आपका संगी आपका भला सोचता है इसलिए कई बार आप पर गुस्सा भी कर बैठता है, उनके गुस्से पर नाराज होने से बेहतर यह होगा कि आप उनकी बातों को समझें। आपके काम की गुणवत्ता देखकर आपके वरिष्ठ आपसे प्रभावित होंगे।

**मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी।**

**मकर:** आपको लंबे समय से महसूस हो रही थकान और तनाव से आराम मिलेगा। इन परेशानियों से स्थायी निजात पाने के लिए जीवन-शैली में बदलाव लाने का सही समय है। माता-पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। घरेलू मामलों और काफी समय से लंबित घर के काम-काज के हिसाब से अच्छा दिन है। आपका संगी आपका भला सोचता है इसलिए कई बार आप पर गुस्सा भी कर बैठता है, उनके गुस्से पर नाराज होने से बेहतर यह होगा कि आप उनकी बातों को समझें।

**कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा।**

**कुंभ:** किसी संत पुरुष का आशीर्वाद मानसिक शान्ति प्रदान करेगा। जो लोग अब तक पैसे को बिना वजह ही उड़ा रहे थे आज उन्हें अपने आप पर काबू रखना चाहिए और धन की बचत करनी चाहिए। भावनात्मक तौर पर खतरा उठाना आपके पक्ष में जाएगा। कुछ लोगों के लिए नया रोमांस ताजगी लाएगा और आपको खुशमिजाज रखेगा। हालाँकि वरिष्ठों से कुछ विरोध के स्वर सुनाई देंगे- लेकिन फिर भी आपको दिमाग ठण्डा रखने की जरूरत है। आज घर के लोगों के साथ बातचीत करते दौरान आपके मुंह से कोई ऐसी बात निकल सकती है।

**मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची।**


**मीन:** आज के मनोरंजन में बाहर की गतिविधियों और खेल-कूद को शामिल किया जाना चाहिए। इस राशि के विवाहित जातकों को आज ससुराल पक्ष से धन लाभ होने की संभावना है। आपका जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा और मददगार साबित होगा। याद रखिए कि आँखें कभी झूठ नहीं बोलतीं। आज आपके प्रिय की आँखें आपको वाकई कुछ खास बताएंगी। आज ऑफिस में आपको अच्छे परिणाम नहीं मिलेंगे। आपका कोई खास ही आज आपके साथ विश्वासघात कर सकता है।



## 72 घंटे लगातार की शूटिंग... साल की श्वेता तिवारी को 30 दिन में मिल जाते थे 45 दिन के पैसे

श्वेता तिवारी टीवी की दुनिया की ऐसी एक्ट्रेस हैं जिन्हें आज सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है. एक्ट्रेस 44 साल की उम्र में भी सेंसेशन बनी हुई हैं और लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं. पिछले कुछ समय में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ में काफी स्ट्रगल किया है और अब इस स्ट्रगल के बाद एक्ट्रेस सिंगल मदर के तौर पर सुकून भरी जिंदगी जी रही हैं. श्वेता तिवारी टीवी की दुनिया की ऐसी एक्ट्रेस हैं जिन्हें आज सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है. एक्ट्रेस 44 साल की उम्र में भी सेंसेशन बनी हुई हैं और लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं. पिछले कुछ समय में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ में काफी स्ट्रगल किया है और अब इस स्ट्रगल के बाद एक्ट्रेस सिंगल मदर के तौर पर सुकून भरी जिंदगी जी रही हैं.अब एक्ट्रेस किसी शो या फिल्म के लिए मुंह मंगी कीमत लेती हैं. लेकिन एक समय ऐसा था जब उन्हें काफी स्ट्रगल करना पड़ा था. आलम तो ये हो चला था कि उन्हें 72-72 घंटे तक लगातार काम करना पड़ता था. उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान इस बारे में खुलासा भी किया था.एक्ट्रेस ने कहा था कि उन्हें कसौटी जिंदगी की मिलने से पहले एकता कपूर ने एक शो में स्पॉट किया था. इस शो का नाम था आने वाला पल. इस शो के लिए ही श्वेता तिवारी 72-72 घंटे काम करती थीं. एकता कपूर ने इस शो में श्वेता को देखने के बाद ही उन्हें कसौटी जिंदगी की में लीड रोल दिया था।

## 'खोज' का प्रीमियरका वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर में दिखेगा राज, जुर्म और फरेब का जाल



जुलाई 2025= तैयार हो जाइए एक ऐसे थ्रिलर सफर के लिए जिसमें हर मोड़ पर है सस्पेंस और हर पल सामने आता है एक चौंकाने वाला सच! 'खोज' एक दिलचस्प क्राइम थ्रिलर है, जहाँ हर सुराग ले जाता है एक और गहरे, डरावने सच की ओर। यह एक ऐसी कहानी है, जो आपको अपनी सीट से बाँधे रखेगी। तो मिस मत कीजिए, खोज का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर बुधवार, 30 जुलाई को शाम 7:30 बजे, सिर्फ ज़ी एक्शन पर।

बाला राजू एम के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नज़र आएँगे सुनील, जो निभा रहे हैं डिटेक्टिव रामकृष्ण का दमदार किरदार। उनके साथ वैशाली राज, हिमाजा, प्रवीन, रवि वर्मा और कीरीति दमराजू जैसे कलाकार निभा रहे हैं अहम भूमिकाएँ। 'खोज' कोई आम मर्डर मिस्ट्री नहीं है। यह एक इमोशनल थ्रिलर है, जहाँ जो दिखता है, वह होता नहीं, हर किरदार के भीतर छुपे हैं कई चेहरे, और हर फ्रेम में बुनी गई है जज़्बात, संघर्ष और सस्पेंस की गहरी परत।

इस कहानी में एक भ्रष्ट पुलिस अफसर को सौंपा जाता है एक अजीब केस; एक अनजान लाश, जिसका कोई नाम नहीं, कोई अतीत नहीं और जिसे पहचानने वाला कोई नहीं। वहीं दूसरी ओर, एक शादीशुदा जोड़ा अपने रिश्ते की दूरी और टूटे भरोसे को जोड़ने की कोशिश में निकल पड़ता है एक पुराने सच की तलाश में। जब ये कहानियाँ आपस में टकराती हैं, तो एंट्री होती है एक रहस्यमयी डिटेक्टिव की, जिसके पास ऐसे जवाब हैं, जो सबकी ज़िंदगी बदल सकते हैं।

सस्पेंस, धोखे और जज़्बातों की पृष्ठभूमि पर रची गई 'खोज', अपने ज़बर्दस्त ट्विस्ट्स, परतदार कहानी और दमदार अदाकारी के साथ आपको बाँधकर रखती है। यह फिल्म सवाल उठाती है कि क्या हम उन लोगों को वाकई जानते हैं, जिन्हें हम सबसे यादा चाहते हैं? और सच जानने के लिए हम कितनी दूर जा सकते हैं, चाहे वह सच हमें बर्बाद कर दे।

# अभिनेत्री एक; रंग अनेक

## कृति सेनन की बहुमुखी किरदारों से चमकी किस्मत



*बॉलीवुड की चमकती सितारों में शामिल कृति सेनन 27 जुलाई 1990 को नई दिल्ली में जन्मी थीं। आज कृति पूरे 35 साल की हो गई हैं। दिल्ली के संत एनसेल्म स्कूल से पढ़ी-लिखी कृति बचपन से ही एक्टिंग के ख्वाब संजोएं रहती थीं। हालांकि ये तो हर कोई जानता है कि उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की लेकिन किस्मत को तो कुछ और ही मंजूर था। मॉडलिंग से करियर की शुरुआत करने वालीं कृति आज फिल्म जगत की बेहतरीन अभिनेत्रियों में शुमार हैं।*

### मिमी



एक ऐसा किरदार जिसने कृति सेनन के करियर को नई ऊंचाइयों पर ला खड़ा किया। अवॉर्ड्स तो उन्हें उनके बहुमुखी किरदारों के चलते कई मिले थें लेकिन साल 2021 में आई फिल्म मिमी एक्ट्रेस के करियर में मील का पत्थर साबित हुई। इस फिल्म में कृति ने सरोगेट मदर 'मिमी' का किरदार निभाया। उनकी मासूमियत और इमोशनल इंटेंसिटी ने दर्शकों का दिल छू लिया और आलोचक भी मुग्ध हुए। इस फिल्म के लिए उन्हें नेशनल अवॉर्ड और फिल्मफेयर पुरस्कार से नवाजा गया।

### बरेली की बर्फी

साल 2017 में आई फिल्म बरेली की बर्फी में कृति सेनन ने लाइट और गुदगुदाने वाला किरदार निभाया। इस फिल्म में वो सिंपल, सी-सीधी लड़की बिट्टी मिश्रा बनीं। राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना के साथ-साथ कृति को भी काफी पसंद किया गया।

### तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया

फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में कृति ने रोबोट का किरदार निभाकर हर किसी को हैरान कर दिया। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी, जिसे देखने के बाद क्रिटिक्स की ओर से भी कृति को जमकर तारीफ मिली।

### दिलवाले

साल 2015 में आई फिल्म दिलवाले जिसमें कृति ने संजना का रोल किया। इस फिल्म में एक्शन और रोमांस का बेहतरीन मिश्रण कृति सेनन के किरदार में देखने को मिला था।

### दो पत्ती

हाल ही में कृति सेनन ने फिल्म दो पत्ती में पॉजिटिव और नेगेटिव दोनों किरदारों को निभाकर एक बार फिर साबित कर दिया कि वो अभिनेत्री के तौर पर काफी लंबा सफर तय कर चुकी हैं। इस फिल्म के लिए भी कृति ने खूब वाहवाही लूटी।

### गणपत

कृति सेनन की फिल्म 'गणपत' 20 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बेशक ये फिल्म यादा कुछ कमाल नहीं कर पाई थी लेकिन इस फिल्म में कृति के शानदार एक्शन ने एक बार फिर दर्शकों का ध्यान खींचा।

### हीरोपंती

साल 2014 में आई ये फिल्म कृति सेनन की पहली फिल्म थी। इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस डेब्यू का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला था। टाइगर श्रॉफ के साथ इस फिल्म में कृति ने बेहतरीन काम किया था।

### कृति सेनन का फिल्मी करियर

कृति ने एक्टिंग करियर की शुरुआत साउथ की फिल्म नेनोक्कादिने (2014) से की, जिसमें उन्होंने महेश बाबू के साथ काम किया। ये उनके सिनेमा में पहला कदम था। इसके बाद 2014 में ही उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा अपनी डेब्यू फिल्म हीरोपंती से, जिसमें उनके साथ टाइगर श्रॉफ ने पहचान बनाई। हालांकि तब फिल्म को यादा सफलता नहीं मिली, लेकिन कृति ने खुद को एक अभिनेत्री के तौर पर साबित करने की शुरुआत जरूर कर दी थी।

### कृति सेनन का शुरुआती संघर्ष

कृति ने एक बड़े प्रोडक्शन हाउस की फिल्म से रिजेक्शन और बॉडी-शेमिंग जैसी चुनौतियों का सामना किया था। कुछ साल पहले एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि एक बार एक डांस सीक्वेंस करते हुए एक कोरियोग्राफर के डांटने के बाद वो रो भी पड़ी थीं। हालांकि कृति ने इस तरह की चीजों का कई बार सामना किया लेकिन कभी भी हार नहीं मानी।

### कृति सेनन की पर्सनल लाइफ

कृति सेनन की पर्सनल लाइफ भी अक्सर सुर्खियों में रहती है। लंबे समय से चर्चा है कि वो बिजनेसमैन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। कबीर यूके स्थित ट्रैवल एजेंसी वर्ल्डवाइड एविएशन एंड टूरिम लिमिटेड के संस्थापक और साउथहॉल ट्रैवल के कुलजिंदर बहिया के बेटे हैं। दोनों को अक्सर साथ स्पॉट किया जा चुका है, लेकिन उन्होंने अपने रिश्ते की पुष्टि आज तक नहीं की है। इससे पहले कृति का नाम कार्तिक आर्यन से भी जुड़ चुका है। इतना ही नहीं, उनका लिंकअप राबता को-स्टार दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के साथ भी हो चुका है।

### कृति सेनन की नेटवर्थ

आज कृति मुंबई के जुहू क्षेत्र में एक लगभग 60 करोड़ रुपये के घर में अपने परिवार संग रहती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका नेटवर्थ करीब 82 करोड़ रुपये है। एक फिल्म के लिए कृति करोड़ों में चार्ज करती हैं।

# भारत ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का संदेश दुनिया को दिया है: अमित शाह

एजेंसी | नई दिल्ली



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत ने पूरी दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का स्पष्ट संदेश दिया है। आज के परिवेश में भारत में भारत अब नई और उभरती प्रौद्योगिकियों, स्टार्ट-अप्स, हरित ऊर्जा और नवाचारों में विश्व में अग्रणी है।

भारत सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसके साथ ही देश के सामने चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। हमें और अधिक सतर्क रहना होगा और समस्याओं का समाधान अधिक जागरूकता के साथ करना होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का बढ़ता कद आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों को और बढ़ाएगा। इन चुनौतियों से बेहतर समन्वय के माध्यम से निपटने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने रणनीति विकसित करने, उन्हें लागू करने और उनकी निगरानी के लिए केंद्र और राज्य एजेंसियों की समरूप टीमों के गठन का निर्देश दिया। साथ ही वास्तविक समय में डेटा साझा करने के लिए एक विश्वसनीय पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित किए जाने की बात कही। नई दिल्ली में आठवां राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन-2025 गृह मंत्री अमित शाह के संबोधन के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों और बीएसएफ के प्रयासों को सलाम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ संकल्प और देशवासियों के समर्थन ने दुनिया भर में आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस का एक कड़ा संदेश दिया है। शाह राष्ट्रीय चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने और उनके समाधान तैयार करने के लिए प्रत्येक राज्य के युवा पुलिस अधिकारियों को शामिल करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन वरिष्ठ अधिकारियों को युवा अधिकारियों का मार्गदर्शन करने, उन्हें चुनौतियों से परिचित कराने और समाधान खोजने का मार्ग दिखाने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने विभिन्न राज्यों में फैले कई मुद्दों को हल किया है। अगले 5-10 साल देश के विकास और सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने राज्य पुलिस बलों और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों से सुरक्षा, सजगता और समन्वय के आदर्श वाक्य को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन और नशीले पदार्थों की चुनौती से निपटने के लिए एक समान दृष्टिकोण अपनाने को कहा। नागरिकों के जीवन, संपत्ति और सम्मान की रक्षा के लिए पुलिस के प्राथमिक कर्तव्य पर जोर देते हुए अमित शाह ने प्रत्येक राज्य पुलिस बल और केंद्रीय एजेंसी को आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का निर्देश दिया।

# जब ऊं नमः शिवाय सुनता हूं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं



- तमिलनाडु के गंगईकोंड चोलपुरम मंदिर पहुंचे पीएम मोदी
- चोल राजा की 1000वीं जयंती पर कहा-यह उनकी भूमि

चेन्नई (एजेंसी)। प्रधानमंत्री के तमिलनाडु दौरे का रविवार को दूसरा दिन था। रविवार दोपहर 12 बजे पीएम मोदी ने त्रिची में होटल से लेकर एयरपोर्ट तक रोड शो किया। इसके बाद वे अरियालुर के गंगईकोंड चोलपुरम मंदिर पहुंचे। पीएम यहां चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की 1000वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा- यह राजराजा की आस्था की भूमि है और इलैयाराजा ने इस आस्था की भूमि पर हम सभी को शिव भक्ति में डुबो दिया है। मैं काशी से सांसद हूं। और जब मैं 'ऊं नमः शिवाय' सुनता हूं, तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। पीएम ने आगे कहा- इतिहासकार मानते हैं कि चोल साम्राज्य का दौर भारत के स्वर्णिम युगों में से एक था। भारत की परंपरा को भी चोल साम्राज्य ने आगे बढ़ाया था। मैं राजा राजेंद्र चोल को नमन करता हूं। मुझे भगवान बृहदेश्वर के चरणों में उपस्थित होकर पूजा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैंने इस ऐतिहासिक मंदिर में 140 करोड़ भारतीयों के कल्याण और भारत की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की है। मेरी कामना है कि सभी को भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त हो। चोल साम्राज्य का विस्तार सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं था।

# शराब और शबाब पुणे में रेव पार्टी में छापामारी

- एकनाथ खडसे के दामाद समेत 7 लोग हिरासत में

पुणे (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे में पुलिस ने रविवार तड़के एक अपार्टमेंट में चल रही पार्टी में छापा मारकर ड्रग्स, हुक्का और शराब जब्त की। इसके साथ ही सात लोगों को हिरासत में लिया, जिसमें महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे के दामाद भी शामिल हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे की बेटी रोहिणी खडसे के पति प्रांजल खेवलकर भी हिरासत में लिए गए लोगों में शामिल हैं। एनसीपी (सपा) नेता एकनाथ खडसे ने कहा कि यह पता लगाने के लिए जांच होनी चाहिए कि क्या पुलिस कार्रवाई के पीछे कोई राजनीतिक मकसद था। रोहिणी खडसे विपक्षी एनसीपी (सपा) की महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष हैं। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस की अपराध शाखा ने रेव पार्टी के बारे में गुप्त सूचना के आधार पर महाराष्ट्र के पुणे शहर के खराडी इलाके में स्थित स्टूडियो अपार्टमेंट पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान गांजा, शराब और हुक्का जैसे मादक पदार्थ जब्त किए गए।

## नेवी डे अरब सागर के किनारे तिरुवनंतपुरम में मनाया जाएगा

**नई दिल्ली एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय नौसेना अपनी ताकत में इजाफा कर रही है और युद्धाभ्यास के जरिए दुश्मन देशों को आगाह भी कर रही है। इस साल भारतीय नौसेना ने नेवी डे अरब सागर के किनारे तिरुवनंतपुरम में मनाने का फैसला किया है। यह इलाका समुद्री क्षेत्र में भारत की सुरक्षा के लिए काफी अहम है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नौसेना दिवस समारोह हर साल 4 दिसंबर को मनाया जाता है। इस साल यह समारोह अरब सागर के किनारे तिरुवनंतपुरम में मनाया जाएगा। इस जगह का चुनाव सरकार एक पहल के बाद किया है, जिसमें सरकार चाहती है कि राष्ट्रीय कार्यक्रम अलग-अलग क्षेत्रों में मनाए जाएं। वहीं यह समारोह पिछले साल बंगाल की खाड़ी में पुरी तट के करीब मनाया गया था। नौसेना दिवस पर कई प्रकार के कार्यक्रम होते हैं, जिसमें जहाजों, पनडुब्बियों और भारतीय नौसेना में शामिल विमानों का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के विमान हवा में करतब दिखाते हैं।

## जमीन विवाद के चलते बेटे ने कर दी मां, पिता और बहन की हत्या

**गाजीपुर।** डिलिया गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई




जब 35 वर्षीय अभय ने मामूली ज़मीन विवाद के चलते अपने ही परिवार को मौत के घाट उतार दिया. आरोपी ने रविवार सुबह मां जमुनी देवी (65), पिता शिवराम यादव (70) और बहन कुसुम (35) पर कुल्हाड़ी से हमला कर तीनों को मौत के घाट उतार दिया.पड़ोसियों ने बताया कि झगड़े के दौरान घर से चीख-पुकार सुनाई दी. जब वे लोग दौड़कर पहुंचे तो अभय भाग गया था. पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद एसपी डॉ. ईरज राजा समेत आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे. मौके से एक कुल्हाड़ी भी बरामद हुई है. बताया गया कि शिवराम यादव ने एक महीने पहले बेटी कुसुम के नाम 15 बिस्वा जमीन कर दी थी. इसी बात से अभय नाराज़ चल रहा था. पहले भी घर में इसको लेकर बहस होती रही थी। रविवार को कहासुनी के बाद उसने तीनों पर हमला कर दिया।

## शिक्षा क्षेत्र में यौन शोषण के मामलों पर गहन जांच की जरूरत

**मुंबई।** चिंताजनक बात यह है कि शहर में शिक्षकों



द्वारा नाबालिगों या छात्रों पर यौन उत्पीड़न के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है, जो एक गंभीर सामाजिक बुराई का संकेत है। हाल ही में दर्ज किए गए अपराधों का विवरण भयावह है- मलाड के एक 44 वर्षीय निजी ट्यूटर ने कथित तौर पर अगस्त 2024 से अपनी छात्रा, सात साल की एक बच्ची का बार-बार यौन शोषण किया। उसने कथित तौर पर उसे अपने फोन पर गेम दिखाने के बहाने अपने बेडरूम में फुसलाया। यह घिनौना अपराध तब सामने आया जब माता-पिता ने अपनी बेटी के व्यवहार में बदलाव देखा। 25 जून को, भयंदर के एक प्रतिष्ठित कोचिंग क्लास के 50 वर्षीय शिक्षक को 17 वर्षीय बीए की छात्रा का कथित तौर पर बार-बार शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 3 जुलाई को, माहिम के एक प्रतिष्ठित स्कूल की 40 वर्षीय महिला शिक्षक को अपने 16 वर्षीय छात्र का कई महीनों तक लग्जरी होटलों सहित विभिन्न स्थानों पर यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

## घर की नौकरानी ने किया सोने का गबन, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**पालघर।** वसई पश्चिम स्थित बीएमसी की एक मौजूदा पार्षद के घर से एक घरेलू सहायिका पर ?4 लाख मूल्य के सोने के आभूषण चुराने का संदेह है। मानिकपुर पुलिस ने आरोपी रंजला नाज़रे के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जो फिलहाल फरार है। शिकायतकर्ता, बीएमसी पार्षद, जया श्याम पेंढारी (59) को 25 जुलाई, 2025 की सुबह लगभग 10:30 बजे चोरी का पता चला। पेंढारी अपने आभूषण एक्सिस बैंक के लॉकर में रखने की तैयारी कर रही थीं, तभी उन्होंने अपनी अलमारी खोली और देखा कि कई सोने के आभूषण गायब थे। एफआईआर के अनुसार, घर में प्रवेश करने वाला एकमात्र अन्य व्यक्ति उनकी घरेलू सहायिका रंजला नाज़रे थी, जो असम के मोरीगांव की रहने वाली हैं।

# मौत से पहले भावुक वीडियो में ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप



**लखनऊ।** पुलिस कांस्टेबल की पत्नी सौम्या कश्यप ने अपने ससुराल वालों द्वारा कथित उत्पीड़न के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि सौम्या अपने आवास पर पंखे से लटकी हुई पाई गईं।

अपनी जान देने से पहले, सौम्या ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने अपने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए। क्लिप में, उन्होंने उन पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और अपने पति, अनुराग सिंह, जो बख्शी का तालाब पुलिस स्टेशन में ईगल मोबाइल यूनिट में तैनात एक कांस्टेबल हैं, पर दोबारा शादी करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने आगे दावा किया कि उनके देवर ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस सतर्क हो गई। सौम्या के परिवार, जो मैनपुरी में रहते हैं, को सूचित कर दिया गया है और वे लखनऊ जा रहे हैं।

पुलिस ने कहा कि परिवार द्वारा औपचारिक शिकायत दर्ज कराने के बाद मामला दर्ज किया जाएगा। इस बीच, मामले की जांच जारी है। मुंबई में एक अलग मामले में, 44 वर्षीय रेणु कटरे कांदिवली पूर्व स्थित अपने आवास पर आत्महत्या कर ली गईं, एएनआई ने रविवार को बताया। रेणु महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) में उप-पंजीयक बापू कात्रे की पत्नी थीं।

पुलिस के अनुसार, रेणु ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना कथित तौर पर उनके पति के साथ घरेलू झगड़ों, खासकर आर्थिक मामलों को लेकर, के बाद हुई। उनके परिवार का दावा है कि शनिवार रात को एक बड़ा झगड़ा हुआ था, जिसके कारण वह गुस्से में आ गईं।

# पत्नी की ऐशो-आराम की ख्वाहिशों को पूरा करने युवक बना चोर



**जयपुर।** एक नवविवाहित व्यक्ति को उसकी पत्नी ने अपनी विलासिता की इच्छाओं को पूरा करने के लिए मजबूर किया। इस वजह से उसने नौकरी छोड़ दी और चोरी करने लगा। (नवविवाहित व्यक्ति चोर बन जाता है) सोने की चेन चोरी के मामले की जाँच कर रही पुलिस ने आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया। यह घटना राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुई। जमवारामगढ़ गाँव के रहने वाले तरुण पारीक की एक महीने पहले एक महिला से शादी हुई थी। हालाँकि, शादी के बाद उसकी पत्नी ने महंगी माँगें रख दीं। उसने अपनी विलासिता की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए उस पर दबाव डाला।

इस बीच, बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) स्नातक तरुण एक निजी कंपनी में एक कार्यकारी के रूप में काम कर रहा था। हालाँकि, वह अपनी तनख्वाह से अपनी पत्नी की विलासिता की इच्छाओं को पूरा करने में असमर्थ था। इसके कारण उसने नौकरी छोड़ दी और अपराध की ओर रुख कर लिया। वह हर दिन अपने गाँव से जयपुर जाता और चोरी करता।

दूसरी ओर, जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में एक व्यक्ति ने दिनदहाड़े एक बुजुर्ग महिला के गले से चेन तोड़ ली और फरार हो गया। पुलिस ने इस चोरी की जाँच शुरू कर दी है, जिससे स्थानीय स्तर पर हड़कंप मच गया है। उन्होंने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जाँच की है। जयपुर से गाँव पहुँचे तरुण की गतिविधियों की पहचान कर ली गई है। उसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

इस बीच, पुलिस को पता चला है कि एक महीने पहले शादी करने वाला तरुण अपनी पत्नी की विलासिता की इच्छाओं को पूरा करने के लिए अपराध कर रहा है। उसने अब तक कितनी चोरियाँ की हैं? क्या उसका कोई साथी है? पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वे इस बात की भी जाँच कर रहे हैं कि क्या तरुण की पत्नी को उसके अपराधों के बारे में पता है।

## पारिवारिक झगड़े से बौध महिला की हत्या, पति ने किया कुल्हाड़ी से वार



**ओडिशा।** बौध जिले के पुरुनाकटक पुलिस स्टेशन के पीछे एक झुग्गी बस्ती में शनिवार को एक दुखद घटना घटी, जहाँ घरेलू विवाद के कारण एक महिला की मौत हो गई। आरोपी की पहचान सर्जन प्रधान के रूप में हुई है। खबरों के अनुसार, सर्जन ने कल देर रात हुई तीखी बहस के बाद अपनी पत्नी कुनी प्रधान पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। सूत्रों के अनुसार, हिंसक झड़प के बाद, पति ने घर को बाहर से बंद कर दिया और स्थानीय पुलिस स्टेशन में आत्मसमर्पण कर दिया। पुरुनाकटक पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ताला तोड़ा और गंभीर रूप से घायल महिला को घटनास्थल से बाहर निकाला। उसे तुरंत पुरुनाकटक अस्पताल ले जाया गया। हालाँकि, गंभीर चोटों के कारण, कुनी को बौध जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जाँच शुरू कर दी है और आरोपी अभी भी हिरासत में है। पिछले हफ्ते की शुरुआत में, सुंदरगढ़ के गुरुंडिया ब्लॉक के जोड़ा गाँव में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी की हत्या कर दी और उसके शव को बोरे में भरकर एक पुल के नीचे फेंक दिया।

# टिकटॉक स्टार सुमीरा राजपूत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**इस्लामाबाद/घोटकी।** पाकिस्तान की लोकप्रिय टिकटॉक कंटेंट क्रिएटर सुमीरा राजपूत की मौत ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाली महिलाओं की सुरक्षा को लेकर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। 58,000 से अधिक फॉलोअर्स और 10 लाख से अधिक लाइक्स रखने वाली सुमीरा की लाश सिंध प्रांत के घोटकी जिले के बागो इलाके में स्थित उनके घर में संदिग्ध हालत में पाई गई। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, सुमीरा की मौत जहर से हुई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स और पुलिस सूत्रों के

अनुसार, उन्हें कथित तौर पर कुछ लोगों ने जहरीली गोलियां दी थीं। सुमीरा की 15 वर्षीय बेटी — जो खुद भी टिकटॉक पर सक्रिय है यह गंभीर आरोप लगाए हैं। बेटी ने बयान में कहा कि कुछ लोग उनकी मां पर जबरन शादी का दबाव बना रहे थे, और विरोध करने पर उन्हें जहर दे दिया गया।

पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए दो संदिग्धों — बाबू राजपूत और मुहम्मद इमरान — को हिरासत में लिया है। घोटकी जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अनवर शेख ने बेटी के बयान की पुष्टि की है, हालांकि अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। पुलिस फिलहाल मामले की बारीकी से जांच कर रही है और हर पहलू पर नजर रखी जा रही है कि कहीं कोई साजिश या साजिश के तहत हत्या तो नहीं की गई। घोटकी के एसएसपी मुहम्मद अनवर खेतान ने बताया कि सुमीरा राजपूत का पोस्टमार्टम किया गया है और मेडिकल रिपोर्ट में उनकी मौत का कारण 'जहर' स्पष्ट हुआ है। रिपोर्ट के आधार पर अब पुलिस हत्या के एंगल से आगे की जांच में जुट गई है। इस घटना ने पाकिस्तान में महिलाओं, खासकर सोशल मीडिया पर सक्रिय युवतियों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता पैदा कर दी है। जियो न्यूज़ के मुताबिक यह पहला मामला नहीं है, जब किसी महिला कंटेंट क्रिएटर को इस तरह निशाना बनाया गया हो। पिछले महीने ही 17 वर्षीय टिकटॉकर सना यूसुफ की इस्लामाबाद में उनके ही घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस मामले में पुलिस ने आरोपी उमर हयात को गिरफ्तार कर लिया था। एक के बाद एक हो रही ऐसी घटनाएं पाकिस्तान के डिजिटल स्पेस में महिलाओं की भागीदारी को खतरनाक बना रही हैं। जहां एक ओर सोशल मीडिया युवतियों के लिए आत्मनिर्भरता और अभिव्यक्ति का मंच बनता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर उन्हें उत्पीड़न, हिंसा और अब हत्या तक का शिकार होना पड़ रहा है। मानवाधिकार संगठनों और महिला कार्यकर्ताओं ने इस घटना की तीखी निंदा की है और सरकार से इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं सोशल मीडिया पर #JusticeForSumiraRajput ट्रेंड कर रहा है, जिसमें यूजर्स आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# टूंडला में पत्नी ने फिर से की पति को मारने की कोशिश




**फिरोजाबाद।** एक खौफनाक क्राइम थ्रिलर की कहानी जैसी कहानी में, फिरोजाबाद के टूंडला में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी—एक बार नहीं, बल्कि दो बार। पहली बार, वह बच गया। दूसरी बार, वह नहीं बचा।

दो बच्चों की माँ और गृहिणी शशि यादव ने कथित तौर पर इंटरनेट से ज़हर मँगवाया, उसे दही में मिलाया और अपने बेखबर पति सुनील यादव को खिला दिया। जब पहली बार उसकी मौत नहीं हुई, तो उसने इंतज़ार किया। दो दिन बाद, उसने दही में फिर से ज़हर मिला दिया। इस बार, यह तरीका काम कर गया। फिरोजाबाद शहर में एक किसान और अंशकालिक मज़दूर, सुनील की शशि से शादी को 12 साल हो गए थे। उनके दो बच्चे थे, 10 साल की अंशु और 6 साल की दीपांशी। उसे यह नहीं पता था कि उसकी पत्नी का उसी गाँव के एक आदमी—यादवेंद्र—के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है।

और दोनों मिलकर उसे खत्म कर देना चाहते थे। पुलिस का कहना है कि यह जोड़ी इंदौर में हुए एक सनसनीखेज हत्याकांड से प्रेरित थी, जहाँ ज़हर ऑनलाइन खरीदा गया था। उन्होंने योजना दोहराई- शशि ने यादवेंद्र की मदद से इंटरनेट पर ज़हरीला पदार्थ मँगवाया। फिर, 12 मई को, उसने अपने पति को जानलेवा रसायन मिला हुआ दही परोसा। सुनील गंभीर रूप से बीमार पड़ गया और उसे अस्पताल ले जाया गया। लेकिन वह बच गया।

ज़्यादातर लोगों के लिए, यह एक बुरे सपने का अंत होता। शशि के लिए, यह अधूरा काम था। 14 मई को जब सुनील घर लौटा, तो वह ठीक तो था, लेकिन कमज़ोर था, तो उसने उसे फिर से दही परोसा। उसने उस पर भरोसा किया—आखिर कौन अपनी पत्नी पर दो बार शक करेगा? कुछ घंटों बाद, वह बेहोश हो गया। इस बार, वापस आने का कोई रास्ता नहीं था।

# होटल पर्ल में देह व्यापार का पर्दाफाश



**यूपी।** कुशीनगर जिले में पुलिस ने देह व्यापार से जुड़े एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो होटलों से 10 युवतियों सहित 16 लोगों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि %पर्ल% होटल और उत्सव मैरेज लान में देह व्यापार होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने इन दोनों होटल पर छापेमारी की। जैसे ही कमरा खुला तो अंदर का नजारा देखकर पुलिस भी शर्मसार हो गई। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि होटल संचालक नवीन सिंह सुविधाएं मुहैया कराने के लिए ग्राहकों से पैसे लेता था और पुलिस की सूचना देने के लिए होटल में कर्मचारी भी तैनात किया हुआ था। उन्होंने बताया कि नवीन सिंह और सीपीएन राव इस संगठित नेटवर्क को चला रहे थे तथा इन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं और अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि 10 युवतियों (विभिन्न शहरों की) के अलावा गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान श्याम वर्मा (23), अर्पित सिंह (18), अमित सिंह (19), धीरज (22), राजन कुमार यादव (28) और अनिल (19) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के पास से आपत्तिजनक सामग्री, शराब, नकदी, चार पहिये वाले दो वाहन समेत अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

# किस करने वाले कस्टमर को 1 साल की जेल



**महाराष्ट्र।** बोरीवली स्थित एक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने एक 54 वर्षीय व्यक्ति को एक बैंक कर्मचारी की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप में एक साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है. यह घटना 2020 की है जब महिला कर्मचारी एड्रेस वेरिफिकेशन के लिए व्यक्ति के घर गई थी. प्रॉसिक्यूशन के अनुसार, शिकायतकर्ता महिला, जो आरबीएल बैंक की मलाड (पश्चिम) शाखा में डिप्टी मैनेजर हैं, 27 नवंबर 2020 को आरोपी नरेंद्र रघुनाथ सगवेकर के घर बैंक की प्रक्रिया के तहत एड्रेस वेरिफिकेशन के लिए गई थीं. आरोपी सगवेकर ने एक दिन पहले ही बैंक में नया खाता खोलने के लिए आवेदन दिया था. महिला का आरोप है कि एड्रेस वेरिफिकेशन के दौरान सगवेकर ने अचानक उन्हें पकड़ लिया, गाल और गर्दन पर जबरन चूमा और विरोध के बावजूद अनुचित तरीके से छूने की कोशिश की. किसी तरह खुद को छुड़ाकर महिला वापस बैंक लौटीं और घटना की जानकारी अपने मैनेजर और सहयोगियों को दी. उसी शाम उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. आरोपी सगवेकर ने आरोपों से इनकार करते हुए दावा किया कि उन्हें बैंक कर्मचारियों के कहने पर झूठे मामले में फंसाया गया है. उनके वकील ने पीड़िता के बयानों में कथित विरोधाभासों और स्वतंत्र गवाहों की गैरमौजूदगी की ओर इशारा करते हुए अभियोजन पक्ष के मामले को अविश्वसनीय बताया. हालांकि, एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट बी.एन. चिकने ने पीड़िता की गवाही को विश्वसनीय और ठोस माना. उन्होंने कहा, सूचना देने वाली की मौखिक गवाही को खारिज करने का कोई कारण नहीं है. ऐसी घटना के बाद घबराना असामान्य नहीं है.

## दीक्षा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ के कट में प्रवेश करने वाली इकलौती भारतीय



**नॉर्थ आयशर (स्कॉटलैंड), एजेंसी।** दीक्षा डागर संयुक्त रूप से 59वें स्थान के साथ 2025 आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय रही। दीक्षा ने पार-72 के कोर्स पर दूसरे दिन चार ओवर 76 का कार्ड खेल कुल एक ओवर के स्कोर के साथ कट में प्रवेश किया। कट में कुल 71 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। दीक्षा ने पहले दिन तीन अंडर 69 के कार्ड के साथ अच्छी शुरुआत की थी लेकिन दूसरे दिन लय बरकरार नहीं रख सकी। पेशेवर गोल्फ में पदार्पण कर रही इंग्लैंड की लॉटी वोड दूसरे दिन 65 का कार्ड खेलने के बाद कुल 12 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। दीक्षा आखिरी दो होल में बर्डी लगाकर कट में प्रवेश करने में सफल रही। इस दौर के 16वें होल तक उनका स्कोर छह ओवर का था। टूर्नामेंट में खेल रही दो अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स (75-73) और त्वेसा मलिक (77-77) कट से चूक गईं।

**डीसी ओपन टेनिसः**

## लेलाह फर्नांडिज और अन्ना कालिन्सकाया फाइनल में, रादुकानू और रिबाकिना हारीं

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** कालिन्सकाया ने हालांकि फर्नांडिज से आधे से भी कम समय में ऐमा राडुकानु को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।



फाइनल में जगह बनाने वाली फर्नांडिज और कालिन्सकाया दोनों गैरवरीय खिलाड़ी हैं। लेलाह फर्नांडिज हार्ड कोर्ट टेनिस प्रतियोगिता डीसी ओपन के फाइनल में सत्र का पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने उतरेंगी जबकि अन्ना कालिन्सकाया की नजरें करियर के पहले खिताब पर होंगी। अमेरिकी ओपन 2021 की उप विजेता फर्नांडिज ने 12 ऐस लगाते हुए सेमीफाइनल में शनिवार को 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना को तीन घंटे और 16 मिनट में 6-7, 7-6, 7-6 से हराया। कालिन्सकाया ने हालांकि फर्नांडिज से आधे से भी कम समय में ऐमा राडुकानु को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में जगह बनाने वाली फर्नांडिज और कालिन्सकाया दोनों गैरवरीय खिलाड़ी हैं। पुरुष एकल में सातवें वरीय एलेक्स डि मिनोर ने कोरेंटिन मोटेट को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत चौथे वरीय बेन शेल्टन और 12वें वरीय एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी।



# इस क्रिकेटर का कब होगा डेब्यू?

## 2021 में हुए टीम इंडिया में शामिल, तब से 16 प्लेयर कर चुके करियर शुरू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेटर अभिमन्यु ईश्वरन का भारतीय टीम के लिए डेब्यू का इंतजार जारी है. अभिमन्यु का ये इंतजार चार साल का हो चुका है. अभिमन्यु साल 2021 में पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल हुए थे और इंग्लैंड दौरे पर गए. लेकिन तब रोहित शर्मा और केएल राहुल ने ओपनिंग की जिम्मेदारी संभाली, जिसके चलते उन्हें मौका नहीं मिला. अब रोहित शर्मा टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं और भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है, फिर भी इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में अभिमन्यु ईश्वरन अब तक बेंच पर ही बैठे हैं. दाएं हाथ के बल्लेबाज अभिमन्यु भारतीय टीम के साथ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी (2024-25) के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी गए थे, लेकिन वो पांचों टेस्ट मैच में प्लेइंग-11 का हिस्सा नहीं बन पाए. इन चार सालों में 16 नए खिलाड़ियों ने भारत के लिए टेस्ट डेब्यू किया, लेकिन अभिमन्यु ईश्वरन का इंतजार खत्म नहीं हुआ है. इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर मैच में तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज भी डेब्यू करने में कामयाब रहे, जो चंद दिनों पहले ही टीम से जुड़े थे. अंशुल के अलावा श्रेयस अय्यर, केएस भरत, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल, ईशान किशन, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, आकाश दीप, देवदत्त पडिक्कल, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा और साई सुदर्शन भी इस पीरियड में अपना टेस्ट डेब्यू करने में सफल रहे.

### अभिमन्यु इस टीम के लिए खेलते हैं घरेलू क्रिकेट

अभिमन्यु ईश्वरन का जन्म 6 सितंबर, 1995 को उत्तराखंड के देहरादून में हुआ था. अभिमन्यु घरेलू क्रिकेट में अपने घरेलू राज्य की बजाय बंगाल टीम के लिए खेलते हैं. उनके पिता आरपी ईश्वरन ने कई साल पहले पुरकुल गांव में अभिमन्यु क्रिकेट एकेडमी की स्थापना की थी. इसी एकेडमी में अभिमन्यु ने क्रिकेट के गुर सीखे थे. अभिमन्यु ईश्वरन का फर्स्ट क्लास करियर काफी शानदार रहा है. अभिमन्यु ने अब तक 103 फर्स्ट क्लास मैच खेले, जिसमें उन्होंने 48.70 की औसत से 7841 रन बनाए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 27 शतक और 31 अर्धशतक निकले. इस खिलाड़ी ने 89 लिस्ट-ए मैच खेले हैं, जिसमें 47.03 की औसत से 3857 रन बनाए. लिस्ट-ए क्रिकेट में अभिमन्यु ने 9 शतक और 23 अर्धशतक लगाए. अभिमन्यु ने 34 टी20 मैच भी खेले हैं, जिसमें उनके नाम पर 37.53 के एवरेज से 973 रन दर्ज हैं. टी20 क्रिकेट में अभिमन्यु के बल्ले से एक शतक और 5 अर्धशतक निकले. अभिमन्यु ईश्वरन ने हाल ही में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दो फर्स्ट क्लास मुकाबलों में इंडिया-ए की कप्तानी की थी. दोनों ही फर्स्ट क्लास मैचों में अभिमन्यु अर्धशतकीय पारियां खेलने में कामयाब रहे थे ।

### कब खत्म होगा अभिमन्यु का इंतजार?

टीम मैनेजमेंट का मानना है कि बल्लेबाजों को नेट्स में तेज गेंदबाजों के खिलाफ प्रदर्शन के आधार पर परखा जाता है. जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज जैसे गेंदबाजों को फेस करते समय बल्लेबाजों की तकनीक की परीक्षा होती है. ऐसा लगता है कि अभिमन्यु ईश्वरन भारतीय टीम मैनेजमेंट को प्रभावित नहीं कर पाए. 29 साल के अभिमन्यु के पास अब भी वक्त है, लेकिन इतना लंबा इंतजार एक क्रिकेट के लिए मनोबल गिराने वाला होता है..

# टीम इंडिया से बाहर होते ही नीतीश रेड्डी पर केस दर्ज



### करोड़ों की धांधली का लगा आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी चोट लगने की वजह से इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गए हैं. इस झटके से अभी वो उबर भी नहीं पाए थे कि उनको एक और बड़ा झटका लगा है. उन पर 5 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया भुगतान नहीं करने का आरोप लगा है. इस मामले में उन पर केस दर्ज कर लिया गया है. उन पर ये आरोप बेंगलुरु स्थित टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसी स्क्वायर द वन ने लगाया. इस दौरान उसने याचिका दायर की है, जिसकी सुनवाई दिल्ली हाई कोर्ट में होगी. नीतीश रेड्डी को इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैच में खेलने का मौका मिला था, लेकिन ट्रेनिंग के दौरान चोटिल होने पर उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया. अब वो एक नई मुसीबत में फंस गए हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक नीतीश रेड्डी और उनकी पूर्व मैनेजमेंट एजेंसी स्क्वायर द वन के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. इसके बाद टीम इंडिया के इस ऑलराउंडर ने टीम के एक क्रिकेटर की मदद से एक नए मैनजमेंट एजेंसी से कॉन्ट्रैक्ट कर लिया, जबकि स्क्वायर द वन से नीतीश का 3 साल का करार था. रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले को लेकर स्क्वायर द वन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक शिव धवन ने नीतीश रेड्डी पर समझौते का उल्लंघन करने और बकाया भुगतान न करने का आरोप लगाते हुए याचिका दायर कर दी ।

**एशिया कप में वैभव सूर्यवंशी...**

## पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू से लेकर बाबर आजम को पछाड़ने तक की पूरी कहानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 का आगाज होने जा रहा है. 8 टीमों के बीच ये टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होकर 28 सितंबर के बीच॰श्व में खेला जाएगा. एशिया कप से ही 14 साल की क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने भी व्हाइट बॉल क्रिकेट में टीम इंडिया की जर्सी पहनी थी. हालांकि, वो एशिया कप सीनियर टीम का नहीं बल्कि अंडर 19 टीम का था, जिसका आयोजन भी पिछले साल॰श्व में ही हुआ था. वैभव सूर्यवंशी ने उस अंडर 19 एशिया कप में ना सिर्फ पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू किया था, बल्कि टूर्नामेंट में इतने रन और इतने छक्के ठोक डाले थे कि बाबर आजम तक को पछाड़ डाला था. 30 नवंबर, 2024. ये वही तारीख है जिस दिन व्हाइट बॉल क्रिकेट में वैभव सूर्यवंशी ने डेब्यू किया था. उन्होंने अपना पहला मैच अंडर 19 एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था. हालांकि, अंडर 19 एशिया कप की अपनी डेब्यू इनिंग में वो 1 रन से ज्यादा नहीं बना पाए थे. पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू तो अच्छा नहीं रहा मगर आगे वो ना सिर्फ उस टूर्नामेंट में भारत के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज बनकर उभरे बल्कि अपना पहला ही अंडर 19 एशिया कप खेलते हुए बाबर आजम को भी पीछे छोड़ दिया.



वैभव सूर्यवंशी का 19 एशिया कप में रिकॉर्ड

वैभव सूर्यवंशी ने अंडर 19 एशिया कप 2024 में फाइनल को मिलाकर कुल 5 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 44 की औसत और 145.45 की स्ट्राइक रेट से 2 अर्धशतक के साथ 176 रन बनाए. इसमें उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 76 रन का रहा. अंडर 19 एशिया कप 2024 में वैभव सूर्यवंशी ने 14 चौके और 12 छक्के लगाए थे.

**बाबर आजम को वैभव सूर्यवंशी ने पछाड़ा** - पाकिस्तान के बाबर आजम ने भी साल 2012 के अंडर 19 एशिया कप में 5 मैच खेले थे, जहां उन्होंने 32.60 की औसत और 69.36 की स्ट्राइक रेट से 1 अर्धशतक के साथ 163 रन बनाए थे. उनका बेस्ट स्कोर 68 रन का रहा था. बाबर आजम ने अंडर 19 एशिया कप 2012 में 20 चौके और 1 छक्का लगाया था. मतलब वैभव सूर्यवंशी ने बाबर आजम से सिर्फ 13 रन ही ज्यादा नहीं बनाए हैं बल्कि उनसे 11 छक्के भी ज्यादा जमाए हैं.

**वैभव सूर्यवंशी के निशाने पर एशिया कप का रिकॉर्ड** - अंडर 19 एशिया कप के इतिहास में सबसे ज्यादा 840 रन बनाने का रिकॉर्ड भी पाकिस्तान के समी असलम के नाम है. उन्होंने ये रन 2012 और 2014 के एशिया कप को मिलाकर खेले कुल 10 मैचों में 93.33 की औसत से 4 शतक और 4 अर्धशतक के साथ बनाए हैं. वैभव सूर्यवंशी की उम्र अभी 14 साल है. यानी, पाकिस्तान के समी असलम के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए फिलहाल उनके पास पूरा मौका है.

# WWE में आएगी इन रेसलर्स की शामत

### ब्रॉक लेसनर वापसी पर मचाएंगे तबाही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रॉक लेसनर जब तक आधिकारिक तौर पर रिटायर नहीं हो जाते, तब तक डब्ल्यूडब्ल्यूई में उनकी वापसी की चर्चा हमेशा बनी रहेगी। विंस मैकमैहन के वे पसंदीदा थे और उन्होंने पार्ट-टाइम प्रदर्शन करते हुए कई टाइटल जीते। पिछले छह सालों में द बीस्ट के नाम से मशहूर ब्रॉक लेसनर ने मनी इन द बैंक लैडर मैच, एलिमिनेशन चैंबर मैच और रॉयल रंबल जीता है। अपनी उपलब्धियों के बावजूद, उन्होंने दो साल पहले समरस्लैम में कोडी रोड्स के साथ हुए मैच के बाद से रेसलिंग नहीं की है। लेसनर अभी भी अच्छी शेप में हैं और उनके सामने नई चुनौतियां हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि ब्रॉक लेसनर वापसी करते ही किसके खिलाफ मुकाबला कर सकते हैं।



### 1. गुंथर

गुंथर लेसनर की शारीरिक क्षमता से टक्कर ले सकते हैं। लेसनर और गुंथर 2023 रॉयल रंबल के दौरान एक-दूसरे के सामने आए थे। उस समय दर्शकों ने इस टकराव को देखकर खूब तालियां बजाई थीं। अगर ब्रॉक लेसनर एक्शन में लौटते हैं और अच्छी शेप में रहते हैं, तो गुंथर एक बेहतरीन प्रतिद्वंद्वी होंगे। चाहे उनके पास वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियनशिप हो या न हो।

### 2. कोडी रोड्स

कोडी रोड्स आखिरी व्यक्ति थे जिन्होंने ब्रॉक लेसनर से रेसलिंग की थी। ब्रॉक लेसनर ने दो साल पहले कोडी रोड्स से हारने के बाद उन्हें समर्थन दिया था। कोडी रोड्स आखिरी बार ब्रॉक लेसनर के सामने डब्ल्यूडब्ल्यूई रिंग में खड़े थे। समरस्लैम 2023 में उनके मुकाबले के बाद ब्रॉक लेसनर ने रोड्स का हाथ जीत के लिए ऊपर उठाया था। कोडी रोड्स ने लेसनर के कई दुश्मनों से लड़ाई की है, जिनमें रोमन रेंस और जॉन सीना शामिल हैं। चूंकि रोड्स आखिरी व्यक्ति थे जिनसे उनका सामना हुआ था, इसलिए वापसी करके कोडी को टारगेट करना बनता है।

### 3. ब्रॉक लेसनर

लेसनर ने डब्ल्यूडब्ल्यूई में अपनी पहली वापसी में जॉन सीना को टारगेट किया था। लेसनर की डब्ल्यूडब्ल्यूई में पहली बड़ी वापसी 2012 में हुई थी। उन्होंने उस समय के चैंपियन जॉन सीना पर हमला किया था। ब्रॉक लेसनर की यह वापसी लगभग एक दशक के बाद कंपनी में पहली उपस्थिति थी। सीना अपने रिटायरमेंट टूर पर हैं और उन्होंने अपने अतीत के कई नामों का सामना किया है। सीएम पंक, कोडी रोड्स और रैंडी ऑर्टन ने 2025 में जॉन सीना का विरोध किया है। चूंकि लेसनर सीना के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वियों में से एक थे, इसलिए दोनों के लिए एक और मुकाबला करना बनता है।

# दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिए, कभी हां, कभी ना एशिया कप में भारत-पाक मैच पर बोले कनेरिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व पाकिस्तानी स्पिनर दानिश कनेरिया ने लंबे समय से विवादों और बहसों में घिरे एशिया कप के कार्यक्रम पर अपनी राय साझा करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान मुकाबला संभवतः एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद हुआ है। एसीसी द्वारा शनिवार को घोषित विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार भारत और पाकिस्तान 14 सितंबर को एशिया कप के ग्रुप चरण के मुकाबले में आमने-सामने होंगे। यह घोषणा भारतीय चैंपियंस टीम से जुड़े एक बेहद संवेदनशील प्रकरण के कुछ ही दिनों बाद आई है, जिसने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में पाकिस्तान चैंपियंस के खिलाफ निर्धारित मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया था। कनेरिया ने कहा, (दोनों देशों के बीच) क्रिकेट होना चाहिए... लोग इस बारे में इसलिए बात कर रहे हैं क्योंकि हाल ही में एक घटना हुई थी जहां वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ़ लीजेंड्स में भारत-पाकिस्तान का मैच होना था, लेकिन पूर्व भारतीय क्रिकेटरों ने मैच का बहिष्कार कर दिया। इस कदम से संकेत मिला कि शायद भारत भविष्य में एशिया कप या आईसीसी टूर्नामेंट जैसे आयोजनों में भी पाकिस्तान के साथ नहीं खेलेगा। इस बहिष्कार ने सुर्खियां बटोरीं और इसके बाद कई बयान आए, जिससे यह धारणा बनी कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ मैचों में हिस्सा नहीं लेगा। उन्होंने कहा, लेकिन फिर एक ऑनलाइन बैठक हुई जिसमें पीसीबी अध्यक्ष और एशियाई क्रिकेट परिषद के प्रमुख मोहसिन नकवी और बीसीसीआई के प्रतिनिधि मौजूद थे। एसीसी को बीसीसीआई से हरी झंडी मिल गई होगी, इसीलिए भारत-



पाकिस्तान मैच निर्धारित किया गया। कनेरिया का मानना है कि बीसीसीआई को इतने बड़े मुकाबले के लिए हामी भरने से पहले और समय लेना चाहिए था और शीर्ष नेतृत्व से सलाह लेनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि बीसीसीआई को इस पर और विचार करना चाहिए था और कोई फैसला लेने से पहले समय लेना चाहिए था। दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिए - कभी हां, कभी ना। कनेरिया ने कहा, अगर आप देशभक्ति की बात कर रहे हैं, तो आपको उस पर लगातार कायम रहना होगा। अभी से लेकर उस मैच वाले दिन तक, आप देखेंगे कि प्रचार और हंगामा बढ़ता ही जाएगा। और फिर लोग क्रिकेटरों के पहले के रुख पर सवाल उठाने लगेंगे। उन्होंने कहा, या तो साफ कह दीजिए कि खेल और राजनीति अलग-अलग हैं, या फिर हर मोर्चे पर अपना रुख मजबूत बनाए रखिए। कोई दोहरा मापदंड नहीं। अगर ना है, तो ना ही रहने दीजिए। अगर हां है, तो हां कह दीजिए और उस पर अड़े रहिए।

कनेरिया ने कहा कि किसी टूर्नामेंट में भारत की अनुपस्थिति हर चीज को प्रभावित करती है - टीवी अधिकारों और प्रायोजनों से लेकर वैश्विक दर्शकों तक। उन्होंने कहा, %आखिरकार, बीसीसीआई को इससे क्या फर्क पड़ता है? वे क्रिकेट से होने वाले राजस्व का लगभग 99 प्रतिशत कमाते हैं। शीर्ष क्रिकेट खेलने वाले देश - ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड - सभी भारत के साथ खेलना चाहते हैं क्योंकि उनके खिलाड़ी आईपीएल का हिस्सा हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे आकर्षक लीग है। मान लीजिए- अगर भारत भाग नहीं लेता है, तो टीवी अधिकार नहीं बिकते, विज्ञापन कम हो जाते हैं, और दर्शकों की संख्या कम हो जाती है। सिर्फ एक भारत-पाकिस्तान मैच ही दर्शकों की संख्या में भारी वृद्धि कर देता है।

उन्होंने अंत में कहा कि बीसीसीआई को एक पारदर्शी और सुसंगत दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा, जब आप सत्ता में होते हैं, तो आपको यह समझने और परिभाषित करने में सक्षम होना चाहिए - या तो क्रिकेट अलग है, या नहीं। अगर देशभक्ति मायने रखती है, तो यह सुसंगत होनी चाहिए। एक दिन के लिए नहीं, एक हफ्ते के लिए नहीं, बल्कि हमेशा। आप हर कुछ हफ्तों में अपना रुख नहीं बदल सकते। एक बार फैसला हो जाने के बाद उस पर अडिग रहें। यही बात मुझे समझ नहीं आई - यह फैसला इतनी जल्दी क्यों लिया गया?

# कलेक्टर ने खाद-बीज की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केंद्रों का किया जाए औचक निरीक्षण - कलेक्टर**



**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने भैरूंदा जनपद के विभिन्न मूंग उपार्जन केंद्रों, डबल लॉक फर्टिलाइजर स्टॉक केंद्र तथा निजी उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि किसानों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा उपार्जन एवं वितरण प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उपार्जन, भंडारण और वितरण से जुड़ी समस्त गतिविधियों की निरंतर निगरानी रखें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और किसान को वास्तविक लाभ मिले। निरीक्षण के दौरान भैरूंदा एसडीएम श्री मदनसिंह रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण

श्री बालागुरू के. ने भैरूंदा क्षेत्र के निजी उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केंद्रों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केंद्रों का नियमित औचक निरीक्षण किया जाए तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, स्टॉक छिपाने अथवा जिले से बाहर अवैध रूप से उर्वरक एवं बीजों के स्थानांतरण करने पर कठोर कार्रवाई की जाए। ताकि जिले में उर्वरकों एवं बीज की कमी न हो और जिले के किसानों को समस्याओं का समाना नही करना पड़े।

### डबल लॉक फर्टिलाइजर स्टॉक केंद्र का निरीक्षण

कलेक्टर श्री बालागुरू के. भैरूंदा स्थित डबल लॉक फर्टिलाइजर स्टॉक केंद्र का निरीक्षण किया। डबल लॉक फर्टिलाइजर स्टॉक केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने उर्वरकों की सुरक्षित भंडारण व्यवस्था, समय पर वितरण और गुणवत्ता की निगरानी के संबंध अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की मांग के अनुसार समय पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों की फसलें प्रभावित न हों।

### मूंग उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

भादाकुई स्थित मूंग उपार्जन केंद्रों पर निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि किसानों द्वारा बुक किए गए स्लॉट्स का समय किसी भी स्थिति में व्यर्थ न जाए। प्रत्येक किसान को उपार्जन के लिए निर्धारित समय पर ही उपार्जन किया जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर एफएक्यू मानकों के अनुरूप ही मूंग की खरीदी सुनिश्चित की जाए और इस प्रक्रिया में कोई लापरवाही न हो। इसके साथ ही उन्होंने उपार्जन केंद्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था, तौल कांटे की सटीकता तथा बारदानों की उपलब्धता जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्हें सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन केंद्रों पर मूंग विक्रय के लिए आए किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन के दौरान किसानों की समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जाए।




## कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने की समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी कार्य की समीक्षा

**रायसेन (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा ने समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन कार्य की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अभी तक उपार्जित मूंग और किसानों को राशि भुगतान की जानकारी लेते हुए कृषि तथा सहकारिता विभाग के अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों का सतत् निरीक्षण कर उपार्जन कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी उपार्जन केन्द्र से समस्या की जानकारी प्राप्त होते ही त्वरित रूप से निदान किया जाए। उन्होंने उपार्जित मूंग का सुरक्षित रूप से भण्डारण सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने निर्देश दिए कि मूंग विक्रय हेतु आने वाले किसानों को असुविधा ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। मूंग उपार्जन कार्य में अनावश्यक विलम्ब ना हो तथा किसानों को अधिक समय तक इंतजार ना करना पड़े। बैठक में उप संचालक कृषि ने बताया कि समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन हेतु 42423 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। मूंग उपार्जन उपरांत किसानों को राशि भुगतान संबंधी कार्यवाही त्वरित रूप से की जा रही है। बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा जल जीवन मिशन के तहत जिले में एकल नल जल योजनाओं तथा समूह नल जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही रोड रेस्टोरेशन कार्य गुणवत्ता के साथ समयावधि में किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की विभिन्न माध्यमों से किसानों को दी जा रही है जानकारी

**रायसेन (निप्र)।** फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान/जोखिमों की भरपाई हेतु भारत सरकार की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत ऋणी तथ अऋणी दोनों ही प्रकार के किसान अपनी अधिसूचित फसलों का अधिसूचित क्षेत्र हेतु 31 जुलाई 2025 तक बीमा करा सकते है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा फसल बीमा कराने से होने वाले लाभ के बारे में विभिन्न माध्यमों से जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत निःशुल्क कृषक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन विंटेज सीएससी एकेडमी में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस एवं सीएससी के द्वारा किया गया। जिसमें भोपाल के नोबेल मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल एवं एएसजी आई हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम द्वारा कृषकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने उदयपुरा में पीएमश्री शासकीय कन्या शाला और छिकरा गौशाला का किया निरीक्षण

**रायसेन (निप्र)।** कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा उदयपुरा स्थित पीएमश्री शासकीय कन्या शाला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य तथा शिक्षकों से विद्यालय में कक्षावार बालिकाओं की संख्या, नवप्रवेशित बालिकाओं की संख्या, शाला में पदस्थ शिक्षकों तथा अध्यापन कार्य और बालिकाओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की जानकारी ली। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण किया और छात्राओं से गणित के सवाल हल करवाकर उनका शैक्षणिक स्तर जाना। उन्होंने प्राचार्य और शिक्षकों को निर्देश दिए कि शाला में सभी शिक्षक समय पर उपस्थित रहें और बालिकाओं को पूरे मनोयोग से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। इसके उपरांत कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा उदयपुरा विकासखण्ड में ही ग्राम पंचायत किरगीकलां के छिकरा में शासकीय गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां गौवंश की संख्या, चारा-पानी, टीकाकरण आदि की जानकारी ली। साथ ही गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रयास करने के लिए कहा।

### गोदामों का सतत निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन जारी

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के द्वारा दिए निर्देशों के परिपालन में उपार्जन केंद्र गोदाम का निरीक्षण किया जा रहा है, इसी कड़ी के तहत आज नटेरन तहसील के अंतर्गत आने उपार्जन केंद्रों (गोदामों) का निरीक्षण खंडस्तरीय खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्रीमती मीना सोनी, कृषि विभाग से श्री अभिषेक जैन, श्री राघवेंद्र अहिरवार, सुश्री शालिनी रघुवंशी एवं एमपीडब्ल्यूएलसी से श्री अमित जाट की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान चना, मसूर एवं सरसों के स्कंधो का भौतिक सत्यापन एवं गुणवत्ता का निरीक्षण तय मापदंडों के अनुरूप किया गया है।

### दस्तक अभियान के तहत 5 वर्ष तक बच्चों की हो रही स्वास्थ्य जांच

**हरदा (निप्र)।** प्रदेश में बाल मृत्यु के प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान प्रारम्भ किया गया। यह अभियान 16 सितम्बर तक जारी रहेगा। अभियान के तहत जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में 5 वर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग कर समुचित उपचार किया जा रहा है तथा उन्हें विटामिन 'ए' की दवा भी पिलाई जा रही है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दल एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ता द्वारा घर-घर दस्तक देकर प्रत्येक बच्चे की जांच की जा रही है। इस दौरान निमोनियाग्रस्त बच्चों की जॉच व इलाज, कुपोषित की जॉच व उसे पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करने, दस्त रोग डायरिया से पीड़ित बच्चों के पालकों को ओआरएस घोल बनाने के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है।

### जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त ने कन्या शिक्षा परिसर बैतूल का किया आकस्मिक निरीक्षण

**बैतूल (निप्र)।** जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त के द्वारा कन्या शिक्षा परिसर बैतूल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। शौचालय, स्नानागार भी गंदे पाये गये। छात्राओं को भोजन एवं नाश्ता मीनू अनुसार प्रदाय नहीं किया जाना पाया गया। शुद्ध पेयजल के लिए आर.ओ. की व्यवस्था नहीं पाई गई। सीसीटीवी स्थापित नहीं किये गये है। खेलकूद सामग्री भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। छात्राओं को बिस्तर सामग्री भी आवश्यकतानुसार उपलब्ध नहीं कराई गई है। द्वितीय तल के शौचालय बंद पाये गये, जिनके सुधार के लिए कार्यवाही नहीं की गई है। सहायक आयुक्त ने उपरोक्त कमी एवं अनियमितताओं के लिए प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर प्राचार्य बैतूल श्री धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर एवं अधीक्षिका श्रीमती ज्योति विजयकर को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाकर जवाब तलब किया गया है।

### सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र सिराली में 12 महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन हुए

**हरदा (निप्र)।** सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र सिराली में गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत एफ.आर.एच.एस. यूनिट बैतूल के माध्यम से नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया।



## पोषण संजीवनी अभियान के सकारात्मक परिणाम हो रहे परिलक्षित

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता की पहल पर विदिशा जिले में पोषण संजीवनी अभियान अंतर्गत कुपोषित बच्चों को सुपोषण किट प्रदाय की जा रही है जिसके फलस्वरूप जिले में क्रियान्वित इस कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं। इसु कड़ी के तहत आज सुफलाम फाउंडेशन इंदौर के द्वारा विदिशा नगर के 72 सैम बच्चों को पोषण संजीवनी किट प्रदान की गई है जिसकी कीमत 3000 रुपये प्रति किट है। किट में निम्न सामग्री उपलब्ध करवाई गई है जिसमें बासमती चावल, गुड़, पाउडर, मूंगफली, दाल, मुरमुरे, अमूल घी, तेल. सफेद तिल. सत्तु मक्का, आटा, मूंगदाल, किसमिस, भूना चना, बेसन, लंच बाक्स, कम्पाक्स, रेसिपी बुक इत्यादि शामिल हैं। सुफलाम फाउंडेशन इंदौर के जिला प्रभारी डॉक्टर बी ओसवाल एवं डॉक्टर प्रतिभा ओसवाल द्वारा विदिशा शहर के पाँच आंगनबाड़ी केन्द 36 ध/152 (सरिता शर्मा), 34/147 (शिवाली वर्मा), 1/4 (सुधा सक्सेना), 1/2 (वंदनी श्रीवास्तव), 17/108 (रशीदा बी) पर भ्रमण कर सुपोषण किट वितरण किये गये हैं। इस दौरान 18 बच्चों एवं उनके माता-पिता से बच्चों के पोषण एवं उनकी वजन वृद्धि स्वास्थ्य के संबंध में चर्चा की गई, जिसमें पाया गया कि बच्चों के स्वास्थय में एवं वजन में सकारात्मक वृद्धि हुई है।

## अवैध रूप से सागौन वनोपज परिवहन करते महिन्द्रा बोलेरो जप्त

**रायसेन (निप्र)।** जिले में कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार तथा वनमण्डलाधिकारी श्रीमती प्रतिभा शुक्ला के मार्गदर्शन में अवैध रूप से वनोपज की कटाई और परिवहन करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। उप वनमण्डलाधिकारी सामान्य सिलवानी इन्दर सिंह बारे के निर्देशन में वन परिक्षेत्र पश्चिम सिलवानी सामान्य के वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री महेन्द्र कुमार पालेचा गत रात्रि अपने दल बल के साथ चोरी रास्तों पर गश्त कर रहे थे। गश्ती के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक वाहन में सागौन ईमारती भरकर परिवहन की जाएगी।

मुखबिर की सूचना वन परिक्षेत्र अधिकारी महेन्द्र पालेचा द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल दी गई। मुखबिरी की शिनाख्ती के लिए रात्रि में ही दो-दो पृथक पृथक दल गठित कर चोरी रास्तों पर नाकाबंदी की गई। रात्रि लगभग 3.20 बजे साईखेड़ा से बम्होरी रोड पर रेंजर श्री पालेचा के दल को एक वाहन आता हुआ दिखाई दिया जिसे वन अमले द्वारा रूकने का संकेत दिया तो वाहन चालक वाहन को तेज गति से चलाकर भाग गया। वन अमले द्वारा वाहन का लगातार पीछा करने से वाहन चालक, वाहन को बम्होरी से वटेरा मार्ग पर खड़ा कर भाग गया। वन अमले में रेंजर महेन्द्र कुमार पालेचा के द्वारा वाहन महिन्द्रा बोलेरो जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर एमपी 04 जीबी 2240 की तलाशी ली गई जिसमें पाया कि सागौन ईमारती के गोल 20 नग भरे थे। मौका पंचनामा तैयार कर वनोंपज की नाप कर सूची तैयार कर जीनामा बनाया गया।




वाहन को जप्त कर मय वनोंपज रेंज कम्पाउण्ड सिलवानी लाया गया। वाहन मालिक मोनू कुशवाह पिता हीरा लाल कुशवाहा निवासी टेकापार गैरतगंज एवं चंद्रेश पिता प्रेमनारायण इमने निवासी उचैरा जमुनिया के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 47301/24 दिनांक 25 जुलाई 2025 पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। उपरोक्त जप्ती कार्यवाही में उप वनमण्डलाधिकारी सिलवानी श्री इन्दर सिंह बारे, वन परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम सिलवानी महेन्द्र कुमार पालेचा, कार्यवाहक वनपाल श्री अखिलेश रजक, श्री कमलेश तिवारी कार्यवाहक वनपाल एवं हरनारायण सिंह, मनोज साहू, भूपेन्द्र लोधी, वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी सभी वन रक्षक तथा वाहन चालक धर्मेन्द्र लोधी का आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## शामुक्ति के प्रति जनजागरूकता लाने कलेक्टर और एसपी ने हस्ताक्षर अभियान का किया शुभारंभ

**रायसेन (निप्र)।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाए जाने वाले वृहद जन-जागरूकता अभियान ''नशे से दूरी - है जरूरी'' के तहत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान का कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा और पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डे द्वारा हस्ताक्षर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नशीले पदार्थो का सेवन करने से ना केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य की हानि होती है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक हानि भी होती है। नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए शासन द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जनजागरूकता अभियान से समाज में नशामुक्ति के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित होता है तथा नागरिक भी नशे का त्याग करने के लिए प्रेरित होते हैं। पुलिस अधीक्षक श्री पंकज कुमार पाण्डे ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 30 जुलाई तक चलाए जाने वाले इस अभियान का उद्देश्य




किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें इस लत से दूर रखना और जो लोग पहले से नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें उचित परामर्श और सहयोग प्रदान कर पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सम्पूर्ण जिले में नशामुक्ति के लिए जनजागरूकता लाने विभिन्न जागरूकता गतिविधियां, कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हस्ताक्षर अभियान में कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री पंकज कुमार पांडे, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, सहायक कलेक्टर श्री कुलदीप पटेल, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा नशे से दूरी-है जरूरी अभियान के फ्लैक्स पर हस्ताक्षर कर सहभागिता की गई।

## लार्वा सर्वे अभियान निरंतर जारी

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, नर्सिंग कालेज की छात्राऐं, दल के द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सघन लार्वा सर्वे, आईईसी गतिविधि, ,एवं कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। मलेरिया टीम के द्वारा 247 घरों के 1801 कंटेनर का सघन लार्वा सर्वे किया गया। जिसमें 16 घरों में लार्वा पाया गया जिसे कीटनाशक दवा के द्वारा नष्ट कराया गया है। जनसमुदाय से अपील की गई है की वह अपने घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज , टंकिया, टायर, गमले, पशु एवं पक्षियों को रखने वाले पानी के बर्तन टंकियों एवं सकोरों को प्रति सप्ताह जांच ले की कहीं एडीज मच्छर के लार्वा तो नहीं पनप रहे व खाली कर सफाई कर दें। पानी के बड़े कंटेनर जिनकी सफाई व ढांकना संभव न हो तो उनमें मीठा तेल प्रति सप्ताह डालें। मच्छरों के



काटने से स्वयं बचाव करे, पूरे शरीर ढकने वाले कपड़े पहने, दिन के समय बच्चों व वृद्धों एवं गर्भवती माताओं को मच्छरदानी के अंदर सोने की सलाह दी जावे, मॉस्किटो कॉइल का उपयोग करे, शाम के समय नीम पत्तियों का धुआं करे। तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर चकत्ते, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ो में दर्द, नाक व मसूड़ों से रक्तस्राव होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर डेंगू की जांच जिला चिकित्सालय विदिशाध्अटल बिहारी वाजपेयी मेडीकल कालेज में डेंगू एलिसा टेस्ट निःशुल्क कराए। इस प्रकार जिले में डेंगू के संचरण के प्रसार को समाप्त या कम करने में सहयोग करें।

## जिला पंचायत की सामान्य बैठक सम्पन्न



**विदिशा (निप्र)।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई थी। जिला पंचायत के सभागार में सम्पन्न हुई इस बैठक में सभी सम्माननीय सदस्यगणो के अलावा विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहे। बैठक की शुरूआत में विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन से शुरू हुई उक्त बैठक में सदस्यों द्वारा अनेक सुझावो से अवगत कराया गया जिन पर अमल करने हेतु संबंधित विभागो के अधिकारियों को जिला पंचायत सीईओ द्वारा निर्देशित किया गया है। बैठक में बतलाया गया कि सड़को पर विचरण करने वाले गौवंश खासकर ग्रामीण क्षेत्रो की सड़के व एनएच से गौवंशो को सुरक्षित स्थलो पर पहुंचाने के लिए विशेष पहल जिले में की जा रही है इसके लिए चिन्हित छह स्थलों पर अस्थायी गौशाला के स्वरूप को उन्नत किया जा रहा है। वर्षाकाल के दौरान जिले के किसी भी ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनहोनी ना हो इसके लिए प्रशासन द्वारा पूर्व में जारी निर्देशो का पालन सुनिश्चित कराया जाया खासकर पुल पुलियों पर वर्षारूपी जल बहाव के दौरान यातायात ना हो इसके लिए सुरक्षा के तौर पर बेरिकेट लगाने व ग्राम स्तरीय अमले की तैनाती पर बल दिया गया है। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियो की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए जियो लोकेशन प्रणाली का अनिवार्य क्रियान्वयन प्रस्ताव पर चर्चा कर निर्णय लिए गए है। बैठक में खुली नहरो को प्रेशराइज्ड प्रणाली में रूपांतरित कर सिंचाई रकवा बढाने के प्रस्ताव पर बल दिया गया है ताकि सिचिंत रकवा में वृद्धि हो सकें। इसके लिए सिंचाई विभाग द्वारा प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। शासकीय भूमि पर गौशाला निर्माण के प्रस्ताव हेतु नेशनल हाईवे के दोनो और स्थित शासकीय भूमि पर टीनशेड युक्त बाउण्ड्रीवाल से सुरक्षित गौशालाओं का निर्माण कराए जाने पर बल दिया गया है ताकि सड़को पर दुर्घटनाओं की रोकथाम हो सकें। बैठक में जिला पंचायत परिसर के विकास कार्य हेतु नवीन संकल्प पारित करने की जानकारियां प्रस्तुत की गई इसके अलावा जिला पंचायत से संबंधित कर्मचारियों के लेखा से संबंधित बिन्दुओं पर भी चर्चा की गई है।

### महाविद्यालय में पौधा रोपण कर किया गया श्रमदान

**विदिशा (निप्र)।** राजमाता विजया राजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय विदिशा में शासन के निर्देशानुसार एनसीसी कैडेट्स एवं वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत पौधा रोपण किया गया। गुलमोहर, अशोक नेम, कदंब, बेल, सागौन जैसे महत्वपूर्ण पौधे महाविद्यालय प्रांगण में रोपे गए। प्राचार्य डॉक्टर बीडी अहिरवार ने अशोक का पौधा लगाकर छात्राओं को पर्यावरण का महत्व एवं पौधों की सुरक्षा करने की नसीहत दी। एनसीसी कैडेट्स ने न केवल पौधारोपण किया, बल्कि श्रमदान कर महाविद्यालय कैंपस की साफ सफाई की, खरपतवार निकाले। प्राचार्य द्वारा स्वयं भी श्रमदान कर छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा भी पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी अधिकारी डॉ. विनीता प्रजापति एवं श्रीमति नीतू दांगी द्वारा किया गया। महाविद्यालय की सभी छात्राओं के द्वारा लगाए गए पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया।

स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. - 8770932048